CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

धमाका
ई रिक्शा के क्षेत्र में आलफाईन लाए है...
SINE WAYE TECHNOLOGY से प्रति चार्जिंग 200 KM चलने वाला भारत का पहला ई-रिक्शा
7 वर्षो से ई रिक्शा बैटरी, स्पेयर्स पाट्‌र्स एवं बेहतरीन गुणवत्ता के लिए.....



गणेश ट्रेडिंग, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, 70004 70280
* नंदई मोहारा रोड़ 7999898741 * खैरागढ़ (धमधा रोड़) 9425500166

वर्ष- 43 | अंक -196 | राजनांदगांव, सोमवार 03 जून 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# काउंटिंग से पहले विपक्ष की मांग, ईवीएम की गिनती खत्म होने से पहले पोस्टल बैलट के वोट गिने जाएं

नई दिल्ली। एक्जिट पोल के नतीजों के विपक्षी दलों ने सिरे से खारिज कर दिया है। एक्जिट पोल के आंकड़ों को लेकर कांग्रेस समेत संपूर्ण विपक्षी दलों का तनाव रविवार को सामने आने लगा। एक्जिट पोल के नतीजों को फर्जी बताते हुए कांग्रेस ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह द्वारा विपक्ष को हतोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है।



**एक्जिट पोल के आंकड़ों को लेकर चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस**

### वोटों की गिनती नियमों के तहत

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने दल के राज्य कमेटियों एवं प्रत्याशियों से बात की और शाम में विपक्ष का एक प्रतिनिधिमंडल निर्वाचन आयोग से मिला। विपक्ष ने आयोग से ईवीएम में वोटों की गिनती से पहले पोस्टल बैलेट के वोटों की गिनती कराने और उसके नतीजे को सार्वजनिक करने की मांग की। विपक्ष ने आशंका जताई कि पोस्टल बैलेट के वोटों की मदद से चुनाव के नतीजों को प्रभावित किया जा सकता है। विपक्ष ने चुनाव आयोग से यह भी आग्रह किया कि वोटों की गिनती नियमों के तहत हो।

### वोटों की गिनती के दौरान अतिरिक्त सतर्कता

कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हम तीसरी बार एक साथ चुनाव आयोग से मिलने आए हैं। नियमों के तहत पोस्टल बैलेट की गिनती पहले होती है। हम चाहते हैं कि उसके नतीजे भी ईवीएम की गिनती से पहले बता दिए जाएं। माकपा के सीताराम येचुरी ने कहा कि वोटों की गिनती के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। पूरी प्रक्रिया को सीसीटीवी से निगरानी करने एवं कंट्रोल यूनिट को सत्यापित (वेरिफिकेशन) कराने की भी मांग की। कहा कि मशीन से जो आंकड़े आएं उन्हें कन्फर्म किया जाए। येचुरी ने कहा कि ईवीएम के सील को तोड़ने से पहले उसे काउंटिंग एजेंट से वेरिफाई करने कराया जाए। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### एक्जिट पोल में बंगाल में भाजपा ने किया खेला, ममता ने आंकड़ों को बताया फर्जी; कहा- कार्यकर्ता रहें मजबूत



इंदौर। बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता बनर्जी ने एक्जिट पोल के आंकड़ों पर विश्वास करने से मना कर दिया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के बारे में दिखाए आंकड़े फर्जी हैं। कार्यकर्ता जमीन पर मजबूती से टिके रहें।

# अरुणाचल में विकास की राजनीति को मिला स्पष्ट जनादेश, मोदी शाह ने दी बधाई; पीएम ने कहा- सिक्किम की आकांक्षाओं को पूरा करेंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत को विकास की राजनीति को मिला स्पष्ट जनादेश करार दिया और कहा कि राज्य के विकास के लिए उनकी पार्टी और भी अधिक उत्साह के साथ काम करती रहेगी। अरुणाचल प्रदेश में भाजपा ने तीसरी बार सत्ता में वापसी की है। मोदी ने एक्स पर पोस्ट में चुनाव में असाधारण मेहनत के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं की भी जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राज्यभर में लोगों के बीच गए और उनसे जुड़े।

प्रधानमंत्री ने सिक्किम विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) और मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग को भी बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा- मैं आने वाले



समय में सिक्किम की प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के साथ काम करने की आशा करता हूं। मोदी ने विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने वाले लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया और कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी सिक्किम के विकास और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में हमेशा आगे रहेगी। अरुणाचल के मुख्यमंत्री प्रेमा खांडू ने कहा कि राज्य के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अहसान का बदला चुकाया है। राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जो विकास कराया है, वह प्रदेश में पार्टी की जीत का प्रमुख कारक है।

### कांग्रेस आगे कड़ी मेहनत करेगी

उधर अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में केवल एक सीट मिलने पर कांग्रेस ने रविवार को कहा कि उसे जनादेश स्वीकार है। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नबाम तुकी ने कहा कि पार्टी चुनाव परिणामों से निराश है लेकिन हतोत्साहित नहीं है। कांग्रेस आगे कड़ी मेहनत करेगी और लोगों के अधिकारों के साथ-साथ देश के आदर्शों के लिए भी जिम्मेदारी के साथ लड़ती रहेगी।

### अटूट विश्वास व्यक्त करने पर मैं आभार व्यक्त करता हूं

वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, अरुणाचल प्रदेश के हमारे भाई-बहनों द्वारा भाजपा में अटूट विश्वास व्यक्त (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# राजगढ़ में दर्दनाक हादसा: ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 13 लोगों की मौत



राजगढ़ः मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले में पिपलोदी जोड़ पर ट्रैक्टर ट्राली पलटने से करीब 11 से अधिक लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राजस्थान के छीपाबड़ौद थाना क्षेत्र के मोतीपुरा गांव से राजगढ़ के पीपलोदी के समय कुलामपुरा गांव में बारात आ रही थी। इसी दौरान पीपलोदी जोड़ के समीप ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के समय ट्रैक्टर ट्राली करीब 25 लोग सवार थे। जिनमें से 11 से अधिक लोगों की मौत हो गई। वहीं, 20 से 25 लोग घायल बताए जा रहे हैं। जिन्हें उपचार के लिए राजगढ़ जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### घटनास्थल पर मची चीख पुकार

हादसा रविवार की रात करीब 9 बजे के आसपास पिपलोदी जोड़ के करीब होने की जानकारी सामने आई है। यहां बारात लेकर आ रहा ट्रैक्टर पलट गया। जैसे ही मोड़ के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी उसमें सवार लोग उसके नीचे दब गए। इस भीषण हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। लोगों की चीख सुनकर आसपास मौजूद लोग मदद के लिए दौड़े। ग्रामीणों ने ट्रॉली के नीचे दबे लोगों को निकालासा। साथ ही पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया।

घटना की जानकारी लगने के बाद राजगढ़ कलेक्टर हर्ष दीक्षित, एसपी आदित्य (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 32 में से 31 सीटों पर जीती एसकेएम, पूर्व सीएम दोनों सीटों से हारे, भाजपा के अधिकतर उम्मीदवारों की जमानत जब्त

सिक्किम। सिक्किम में रविवार को विधानसभा के नतीजे आए। एसकेएम की आंधी में सबका सूपड़ा साफ हो गया। प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व में एसकेएम ने 32 में से 31 सीटों पर जीत हासिल की। सिक्किम में इस बार विपक्ष विहीन सरकार बनने जा रही है। लेकिन यह पहली बार नहीं है, जब सिक्किम में विपक्ष विहीन सरकार बन रही है। इससे पहले भी 2009 के विधानसभा चुनाव में एसडीएफ ने 32 की 32 सीटों पर जीत हासिल की थी और पवन चामलिंग राज्य के मुख्यमंत्री बने थे। इसी तरह से 2004 के विधानसभा चुनाव में भी एसडीएफ को 31 सीटें और कांग्रेस को केवल एक सीट मिली थी। तब भी विपक्ष में कोई पार्टी नहीं थी।



### पूर्व सीएम दोनों सीटों से हारे, राष्ट्रीय दलों को नकारा

अरुणाचल प्रदेश में भाजपा के मुख्यमंत्री पेमा खांडू सहित सभी बड़े नेता जीते जबकि सिक्किम में एसडीएफ प्रमुख और पूर्व सीएम पवन चामलिंग दो सीटों से लड़ रहे थे। वे दोनों ही सीटों से हार गए। नामची-सिंघीथांग सीट पर मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग की पत्नी कृष्णा कुमारी राय (एसकेएम) ने पूर्व सीएम को शिकस्त दी। जबकि मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग सहित उनके मंत्रिमंडल के सभी साथी जीते। सीएम प्रेम सिंह तमांग ने दो सीटों पर चुनाव लड़ा था, दोनों पर जीत हासिल की। वहीं राष्ट्रीय दलों भाजपा और कांग्रेस खाता भी नहीं खुल पाया। यहां के लोग क्षेत्रीय अस्मिता को प्रमुखता देते हैं। यहां के लोगों को बाहर से ज्यादा अपने ही स्थानीय लोगों पर भरोसा है। कहते हैं, हमारे स्थानीय मुद्दों को राष्ट्रीय पार्टियां समझ नहीं सकतीं। इसके साथ ही एक दिलचस्प जो देखने को मिली, यहां के लोगों में धैर्य बहुत है और किसी भी राजनीतिक दल को पूरा-पूरा मौका देते हे।

### तमांग ने जिद और जज्बे से बनाया मुकाम

प्रेम सिंह तमांग पश्चिम सिक्किम से आते हैं। 1990 के दशक की शुरुआत से सक्रिय राजनीति करने वाले प्रेम सिंह तमांग ने 2019 में सिक्किम की 25 वर्षों की पुरानी पार्टी को पवन चामलिंग की सत्ता को उखाड़ फेंका। उल्लेखनीय है कि 1993 में प्रेम सिंह तमांग सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) में शामिल हुए। वे 1994 में चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# खांडू का इस्तीफा, नयी सरकार के शपथ ग्रहण तक पद पर बने रहने का आग्रह



ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता पेमा खांडू ने 19 अप्रैल के हुए विधानसभा चुनाव में रविवार को हुई मतगणना में पार्टी को प्रचंड बहुमत मिलने के बाद रविवार को अपने मंत्रिपरिषद सहित शीर्ष पद से इस्तीफा दे दिया।

चुनाव परिणाम आने के तुरंत बाद श्री खांडू ने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) के टी परनाइक से राजभवन में मुलाकात की और मंत्रिपरिषद के साथ अपना इस्तीफा सौंप दिया।

राजभवन की विज्ञप्ति के अनुसार, राज्यपाल ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया और श्री खांडू तथा मंत्रिपरिषद से नयी सरकार के शपथ ग्रहण तक पद पर बने रहने का आग्रह किया।

इसने यह भी कहा कि राज्यपाल ने संविधान के अनुच्छेद 174 (2) (बी) के प्रावधान के अंतर्गत मंत्रिमंडल की सलाह भी स्वीकार की और अरुणाचल प्रदेश की सातवीं विधानसभा को तत्काल प्रभाव से भंग करने के आदेश पर हस्ताक्षर किया।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान विधान सभा का कार्यकाल आज ही समाप्त हो रहा है। साठ (60) सदस्यीय विधानसभा में, भाजपा ने 46 सीटें प्राप्त की हैं, जिनमें 10 निर्विरोध चुने गये सदस्य भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री खांडू उन 10 उम्मीदवारों में शामिल हैं जो निर्विरोध जीते। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आज से हाईवे पर यात्रा महंगी, सड़क टोल शुल्क में 3-5 प्रतिशत की होगी वृद्धि

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने टोल टैक्स में बढ़ोतरी कर दी है। नए दर अब दो जून यानी रविवार रात 12 बजे से लागू हो जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि सोमवार से पूरे देश में सड़क टोल शुल्क में 3-5 प्रतिशत की वृद्धि होने वाला है। बता दें कि देश में आम चुनावों के कारण अप्रैल में वार्षिक वृद्धि को रोक दिया गया था।भारत में टोल शुल्क मुद्रास्फीति के अनुरूप सालाना संशोधित किए जाते हैं और राजमार्ग संचालकों ने स्थानीय समाचार पत्रों में सोमवार से लगभग 1,100 टोल प्लाजा पर 3 प्रतिशत से 5 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा करते हुए नोटिस दिए हैं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि चूंकि चुनाव प्रक्रिया समाप्त हो गई है, इसलिए उपयोगकर्ता शुल्क (टोल) दरों में संशोधन किए गए हैं। इसे चुनावों के दौरान रोक दिया गया था जो अब 3 जून से प्रभावी हो रहा है।



आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स और अशोक बिल्डकॉन लिमिटेड जैसे उच्च ऑपरेटरों को टोल वृद्धि से लाभ होगा। भारत ने पिछले दशक में राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार के लिए अरबों डॉलर का निवेश किया है, जिसकी कुल लंबाई लगभग 1,46,000 किलोमीटर है, जो दूसरा सबसे बड़ा वैश्विक सड़क नेटवर्क है।

### साल दर साल इतना बढ़ा टोल

2018/19 में 252 बिलियन से 2022/23 वित्तीय वर्ष में टोल संग्रह बढ़कर 540 बिलियन रुपये (6.5 बिलियन) से अधिक हो गया। इसमें सड़क यातायात में वृद्धि के साथ-साथ टोल प्लाजा और शुल्कों की संख्या में वृद्धि से मदद मिली।

# असम में बाढ़ का कहर, 10 जिलों में 6 लाख से अधिक लोग प्रभावित

गुवाहाटी (आरएनएस)। असम में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है और 10 जिलों में छह लाख से अधिक लोग अब भी प्रभावित हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया, जिससे कई क्षेत्रों में प्रभावित हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। कोपिली, बराक और कुशियारा नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं. बाढ़ के कारण हैलाकांडी होजाई, मोरीगांव, करीमगंज, नागांव, कछार, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, कार्बी आंगलोंग पश्चिम और दीमा हसाओ जिलों में कुल 6,01,642 लोग प्रभावित हुए हैं.



अधिकारियों ने बताया कि 28 मई से अब तक बाढ़ और तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है. नागांव सबसे अधिक प्रभावित जिला है जहां 2.79 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए जबकि होजाई में 1,26,813 और कछार में 1,12,265 लोग प्रभावित हुए हैं. राज्य में 40,000 से अधिक लोगों ने राहत शिविरों में शरण ली है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# केजरीवाल पांच जून तक न्यायिक हिरासत में लौटे तिहाड़

नयी दिल्ली। राजधानी के राउज एवेन्यू अदालत ने अंतरिम जमानत की अवधि पूरी होने पर आत्मसमर्पण करने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को रविवार को पांच जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

एक जून को अंतरिम जमानत की अवधि समाप्त होने के बाद आम आदमी पार्टी(आप) के संयोजक ने आज तिहाड़ जेल के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया और अधिकारियों उन्हें दिल्ली की अदालत में ले गए तथा एक विशेष न्यायाधीश के सामने पेश किया। श्री केजरीवाल को पांच जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जब राउज़ एवेन्यू अदालत श्री केजरीवाल की नियमित



जमानत याचिका पर भी फैसला करेगी।

मुख्यमंत्री को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली शराब घाटाले से संबंधित धनशोधन के आरोप में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। उच्चतम न्यायालय ने 10 मई को श्री केजरीवाल को एक जून तक अंतरिम जमानत दे दी थी ताकि वह मौजूदा लोकसभा चुनावों में प्रचार कर सकें। वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ से अंतरिम जमानत को पांच जून तक बढ़ाने का अनुरोध किया था क्योंकि लोकसभा चुनाव परिणाम चार जून को घोषित होने थे।

न्यायमूर्ति खन्ना की अध्यक्षता वाली इसी पीठ ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी थी लेकिन पीठ ने अंतरिम जमानत को एक जून से पांच जून तक बढ़ाने से इनकार कर दिया। इस बीच, ईडी और श्री केजरीवाल दोनों पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद शीर्ष अदालत ने ईडी द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली दिल्ली के मुख्यमंत्री की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

श्री केजरीवाल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# चुनाव नतीजों से पहले ही पीएम मोदी ने बता दिया अपना रोडमैप, शुरुआती 100 दिन में क्या करेगी मोदी सरकार 3.0

नई दिल्ली। चुनाव परिणाम आने के पहले ही जीत के प्रति आश्वस्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी काम पर जुट गए हैं। चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद दो दिन तक कन्याकुमारी में ध्यान लगाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को सात अलग-अलग मुद्दों पर अधिकारियों के साथ बैठक की। इनमें चक्रवात रेमल से पूर्वोत्तर भारत के हालात और पूरे देश में गर्मी के प्रकोप की समीक्षा शामिल है।

इसके साथ ही उन्होंने मोदी 3.0 के लिए 100 दिन के रोडमैप के लिए तैयारियों की भी समीक्षा की। पूरे देश में पड़ रही भीषण गर्मी के प्रभावों और उससे निपटने की तैयारियों की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री सभी अस्पतालों और सार्वजनिक स्थानों पर आग से बचाव के उपायों और बिजली उपकरणों की सुरक्षा मानकों पर आडिट का निर्देश दिया।



ध्यान देने की बात है कि गर्मी के कारण कई स्थानों पर एसी व बिजली उपकरणों में बलास्ट की घटनाएं सामने आई है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जंगलों में आग रोकने के लिए लगातार नजर रखने और वहां बायोमास के बेहतर इस्तेमाल की रणनीति तैयार करने को कहा। इस दौरान मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में गुजरात, मध्यप्रदेश और राजस्थान में गर्मी का प्रकोप जारी रह सकता है। वहीं मानसून के आगमन से इसमें राहत मिलने की उम्मीद है।

मौसम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि इस साल भारत में सामान्य या सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। चक्रवात रेमल से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को इससे प्रभावित इलाकों और जान-माल की हुई हानि की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि मिजोरम, असम, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा में रेमल के कारण हुई वर्षा से आई बाढ़ और जमीन खिसकने के कारण कई घरों को नुकसान पहुंचा है और कई लोगों की जान भी गई है। इन इलाकों में एनडीआरएफ की टीम राहत और बचाव कार्यों में लगी है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सीएम बोले- मात्र 20 पैसे प्रति यूनिट बढ़ा, ये मामूली है : बालोद में विष्णुदेव साय ने कहा -400 यूनिट तक बिजली हाफ दे रहे, थोड़ा बढ़ाना स्वाभाविक

बालोद (दावा)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय आज बालोद जिले के झलमला स्थित मां गंगा मैया मंदिर में दर्शन करने पहुंचे वह निषाद समाज के सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे इस दौरान उन्होंने सभी 11 सीटों पर जीत का दावा किया साथ ही उन्होंने पहली बार बढ़े हुए विद्युत की दरों को लेकर बयान दिया उन्होंने कहा कि हमने मामूली सा 20 पैसा प्रति यूनिट बिजली का दर बढ़ाया है जो कि एकदम आज के समय में सामान्य है साथ ही उन्होंने कहा कि यदि बिजली का दर नहीं बढ़ाया जाएगा तो विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कैसे हो पाएगी।

आपको बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा निषाद समाज के कार्यक्रम में दिए बयान का पलटवार कर रहे थे पूर्व सीएम ने कहा था कि आत्मानंद स्कूलों का नाम बदला जा रहा है और बिजली की



दर में वृद्धि कर दी गई सीएम साय ने कहा कि केंद्र के अच्छी योजना है जिसके लिए पीएम श्री के रूप में स्कूलों को बेहतर किया जा रहा है इसके लिए केंद्र से सहायता भी मिल रही है 2 करोड़ रुपए सर्वांगीण विकास के लिए मिल रहा है।

झलमला के मां गंगा मईया मंदिर में सीएम विष्णु देवसाय ने आज पूजा अर्चना की और मां गंगा मईया को श्रृंगार भेंट किया इस दौरान उनके साथ स्थानीय भाजपा नेता भी मौजूद रहे सीएम साय ने मां गंगा मईया मंदिर के गर्भगृह में जाकर आरती भी उतारी और प्रदेश वासियों की खुशहाली के लिए कामना की।

### 20 पैसा बढ़ा लेकिन 400 यूनिट तक बिजली हाफ

बिजली की दरों में किए गए वृद्धि के विषय में सीएम साय ने कहा कि जब तक बिजली का दर बढ़ाया नहीं जाएगा तब तक बिजली व्यवस्था दुरुस्त कैसे हो पाएगी मामूली बढ़ाया गया है मात्र 20 पैसे प्रति यूनिट बढ़ाया गया है हमें अधिक से अधिक लोगों तक बिजली पहुंचाना है तो थोड़ा बहुत बढ़ाना स्वाभाविक है 20 पैसे बढ़ा रहे हैं लेकिन 400 यूनिट तक बिजली हाफ भी दे रहे हैं आज के समय में 20 पैसा बहुत ज्यादा नहीं है।

CMYK

# लोकसभा चुनाव-2024 : 71 दिनों में 133 जनसभाएं, कठोर परिश्रम का पर्याय बने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय



रायपुर (दावा)। 16 मार्च को लगी आचार संहिता के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूरे लोकसभा चुनाव के दौरान 71 दिनों में 133 सभाओं को संबोधित किया है। इस दौरान वे ओडिशा, मध्यप्रदेश, झारखंड में भी चुनाव प्रचार अभियान में शामिल हुए और कुल 33 जनसभा एवं रोड शो को संबोधित किया।

20 मार्च को दंतेवाड़ा में माँ दंतेश्वरी के दर्शन-पूजन के बाद श्री साय ने अपने चुनावी अभियान का शुभारम्भ किया। गत 20 मार्च से 29 मई तक छत्तीसगढ़ में चौंसठ जनसभाएं मुख्यमंत्री ने ली हैं। जबकि छत्तीसगढ़ के बाहर मध्यप्रदेश, ओडिशा और झारखंड में तैंतीस आमसभाएं और रोड शो की कमान संभाली है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन की दृष्टि से भी अगर देखें तो उन्होंने बस्तर में दो सहित सभी ग्यारह लोकसभा सीटों में एक-एक कार्यकर्ता सम्मेलन कर कुल बारह कार्यकर्ता सम्मेलन में अपनी उपस्थिति दी है। सामाजिक सम्मेलनों की यदि बात करें तो लगभग चौबीस बड़े सामाजिक सम्मेलनों को विष्णु देव साय संबोधित कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लगभग हर विधानसभा में कम से कम एक जनसभा ली है। कुल मिलाकर 71 दिनों में 133 बार उन्होंने जनता के समक्ष अपनी बात रखी है और छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंकी है। आत्मविश्वास से भरपूर मुख्यमंत्री सभी ग्यारह लोकसभा सीटें जीतने के प्रति आश्वस्त लगते हैं। श्री साय ने मध्यप्रदेश, ओडिशा और झारखंड में भी भाजपा के बम्पर जीत की बात कही है।

मुख्यमंत्री की सभी जनसभाओं में आमजन की स्व-स्फूर्त भीड़ उमड़ी। लोगों ने सीएम साय के भाषण को बड़े ही उत्साह से सुना और ताली बजाकर, नारे लगाकर अपना पूर्ण समर्थन भी दिया। श्री साय की प्रत्येक सभा में महिलाओं की भी भारी भीड़ देखने को मिली। महिलाओं ने सीएम साय की बात को ध्यान से सुना। इसका प्रमुख कारण विष्णु सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना को प्राथमिकता से लागू करने को माना जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत अब तक प्रदेश की 70 लाख 12 हजार 417 महिलाओं को प्रति महीने 655 करोड़ 57 लाख रूपये के हिसाब से तीन महीने की किश्त जारी हो चुकी है।

सीएम साय ने कार्यकर्ता सम्मेलन और जनसभाओं में पिछली कांग्रेस सरकार में हुए भ्रष्टाचार, घोटाले व उनकी नाकामी को लगातार जन-जन के बीच उजागर किया। जिस पर आमजन की खूब तालियां बजी। बीच-बीच में उन्होंने जनता से कनेक्ट करने के लिए उनसे सवाल भी किये। उन्होंने बार-बार पूछा कि मोदी जी की सरकार तीसरी बार बनानी है या नही, जिसका जवाब हाँ में मिलता था। श्री साय ने जनता को बताया कि कैसे भूपेश बघेल की अगुवाई में कांग्रेस ने शराब, रेत, कोयला, सरकारी जमीन, पीएससी सबमें घोटाला किया और यहाँ के संसाधनों को लूटा। उन्होंने भूपेश बघेल पर महादेव एप को निर्बाध रूप से चलाने के लिए 508 करोड़ रूपये प्रोटेक्शन मनी लेने के आरोप और उस पर हुई एफआईआर को जनता को बताया, इसे छत्तीसगढ़ के लिए शर्म की बात कही। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस द्वारा किये गए 36 वादों में एक भी वादे को ठीक से पूरा नहीं करने की बात को लगातार जनता को बताया। उनके भाषणों में यह प्रमुखता से शामिल रहा।

सीएम साय ने अपनी हर जनसभा में मोदी की गारंटी के अंतर्गत पूरे किये गए प्रमुख वादों को जनता को बताया। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार बनने के मात्र 100 दिनों के अंदर ही उनकी सरकार ने मोदी की गारण्टी के अंतर्गत प्रमुख वादों को प्राथमिकता से पूरा किया है। श्री साय ने कांग्रेस नेताओं द्वारा पीएम मोदी और अन्य भाजपा नेताओं पर बोले गए अनर्गल बयानों को जनता को बताया और विपक्षी नेताओं को जमकर घेरा। कुल मिलाकर देखा जाए तो सरल, सहज, सौम्य समझे जाने वाले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपनी चुनावी सभाओं में जिस तरह कमान संभाली और कई मौकों पर आक्रामक हो कर कांग्रेस को बैकफुट पर धकेला, उससे कांग्रेसी कुनबा सदमे में है। जहाँ तक श्री साय का सवाल है तो चुनावी जूनून में उन्होंने धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पानी-बरसात की वजह से हेलीकॉप्टर छोड़ सड़क मार्ग से ही सफर करने से भी कोई गुरेज नहीं किया। घटना नारायणपुर के बेनूर क्षेत्र की है। यह पहला मौका था जब किसी सीएम ने यहाँ सड़क मार्ग से सफर किया। विष्णु देव साय अपने आत्मविश्वास भरे तूफानी दौरों की बदौलत सभी ग्यारह लोकसभा सीट जीतने के प्रति आश्वस्त लगते हैं। वे कहते हैं कि इस बार छत्तीसगढ़ से कांग्रेस का सूपड़ा साफ़ होना तय है।

## फरार आरोपी गोलू ढीमर गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने एक फरार आरोपी को धर दबोचा है और उसे गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है। आरोपी का नाम-गोलू कुमार ढीमर पिता देवनाथ ढीमर उम्र 28 वर्ष निवासी बांसपाई पारा वार्ड क्र. 41 बताया जाता है।

बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि दिनांक 14 मई को आरोपी गोलू कुमार ढीमर के द्वारा अपने साथी शरद यादव को अपनी एक्टीवा क्रमांक सीजी 08 ए यू 6038 से शराब लेने मोहारा शराब भट्ठी भेजा गया था उनकी साथी द्वारा शराब लेकर वापस रोड पर आने पर से थाना बसंतपुर पुलिस स्टॉफ द्वारा शरद यादव को शराब एवं एक्टीवा सहित पकड़कर कार्यवाही की गई थी। शरद यादव ने बताया कि गोलू ढीमर द्वारा मुझे शराब बिक्री करने के लिए अपनी एक्टीवा देकर शराब लाने मोहरा शराब भठठी भेजा था। उक्त मामले मे आरोपी शरद यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था तथा घटना दिनांक से आरोपी गोलू कुमार ढीमर फरार चल रहा था। इस पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदशन मे शीघ्र गिरफ्तारी की कार्यवाही करने के मार्गदर्शन व निर्देश पर सायबर सेल की टीम एंव उनके स्वयं के द्वारा सरगर्मी से पता तलाश किया जा रहा था जिसे आज मुखबीर की सूचना के आधार आरोपी गोलू कुमार ढीमर पिता देवनाथ ढीमर उम्र 28 वर्ष को पकड़कर पुछताछ करने पर आरोपी द्वारा घटना दिनांक को गिरफ्तार शरद यादव से शराब बिक्री करने के लिए अपनी एक्टीवा देकर शराब लाने मोहारा शराब भट्ठी भेजा था एवं घटना में सम्मिलित स्वीकार किया गया। जिसे धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार न्यायालय भेजा गया।

## पहला कॉलम...

### तीसरी बार मोदी सरकार- मोती रजक



राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय दूसरी बार विजय होने जा रहे है। भाजपा के सभी कार्यकर्ता धन्यवाद करते है मतदाता जिन्होंने कड़ी धूप पर बटन दबाया। शक्ति केन्द्र प्रभारी मोती रजक ने बताया कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष शेख ईरफान के मार्गदर्शन पर उनके पूरे बूथों पर कमल खिलेगा।

### पत्रकार विक्की श्रीवास्तव को पितृ शोक



राजनांदगांव (दावा) । शहर के प्रतिष्ठित नागरिक दिवानपारा गौरा चौरा के पास निवासी जगदीश श्रीवास्तव 73 वर्ष का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। वे शहर के फोटो पत्रकार विकल्प विक्की श्रीवास्तव के पिता, वरिष्ठ फोटो पत्रकार अशोक श्रीवास्तव के बडे भाई एवं पत्रकार अंकित श्रीवास्तव के मामा थे। उनकी अंतिम यात्रा आज सोमवार 3 जून को सुबह 9 बजे उनके निवास से मुक्तिधाम लखोली के लिए निकलेगी।

### महेश चंद्र मिश्रा का निधन



बांधाबाजार (दावा)। बांधाबाजार के प्रतिष्ठित नागरिक एवं व्यवसायी पं. महेश चंद्र मिश्रा का आज सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर 12.00 बजे बांधा बाजार में किया जायेगा। वे लगभग 84 वर्ष के थे। उल्लेखनीय है कि आज उनकी पत्नी श्रीमती सरोज मिश्रा की तेरहवीं है। पति पत्नी के प्रेम की ऐसी मिसाल बहुत कम देखने को मिलती है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें एवं परिवारजनों को दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

### हिरामन वर्मा का निधन



डोंगरगांव (दावा)। ग्राम सांगिनकछार निवासी भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता हिरामन वर्मा का 2 जुन रविवार को स्वर्गवास हो गया। वे लगभग 76 वर्ष के थे उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन तथा परिजन शामिल हुऐ वे अपने पिछे 6 बेटे 2 बेटी एवं पोता पोती एवं भरापूरा परिवार छोड़ गए।

### ट्रैक्टर से गिरकर अधेड़ की मौत

रायपुर (आरएनएस)। ग्राम गनौद में ट्रैक्टर से गिरकर अधेड़ पहिए के नीचे आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में राखी पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक हेमेश्वर ढीढी 50 वर्ष ग्राम गनौद का रहने वाला था। बताया जाता है कि 28 मई को हेमेश्वर ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 एचएफ 1667 में बैठकर कहीं जा रहा था, तभी ट्रैक्टर से उच्चकर नीचे जा गिरा और पहिए के नीचे आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में राखी पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## सजग एजेंटों को मतगणना की बारीकियों का प्रशिक्षण सम्पन्न - कांग्रेस



**जीत के उत्साह में टेबल न छोड़े- गिरीश देवांगन**

पेज 2 (2 जून 2024- व्हाट्सप फोटो- गिरीश देवांगन)

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव में मतों की गणना 4 जून को होनी है उसके लिए कांग्रेस पार्टी ने राजनादगांव लोकसभा में अपने सजग गणना एजेंटो की नियुक्ति कर प्रशिक्षण के लिए कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के निर्वाचन अभिकर्ता गिरीश देवांगन के सतत मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुआ। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि चुनाव में कार्यकर्ताओं ने पूरी लगनशीलता के साथ कार्य किया और जनता ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है उनकी गणना होनी है राजनांदगांव जिले के राजनांदगांव, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, खुज्जी चारों विधानसभा के डाकमत पत्र, एआरओ, मतगणना एजेंट, जिला पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, कांग्रेसजनों को प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षक के रूप में विनयशील एवं अंकित बागबाहरा ने वीडियो क्लिप, प्रोजेक्टर, फॉर्मेट के माध्यम से मतगणना की सभी बारीक पहलुओं से एआरओ, एजेंट एवं संगठन के पदाधिकारी को अवगत कराते हुए गणना में त्रुटि होने पर तत्काल आपत्ति संबंधी फॉरमेट के विषय में भी बताया एवं एआरओ गणना एजेंट को गणना पत्रक, आपत्ति के फॉर्मेट का वितरण किया गया। निर्वाचन अभिकर्ता गिरीश देवांगन ने एजेंटों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम लोगों की मेहनत का परिणाम आना है जब हम मतगणना में जीत की ओर अग्रसर होंगे तब आप अपने टेबल से नहीं हटेंगे और अंतिम दौर तक गणना टेबल पर डटे रहने का मार्गदर्शन दिया गया। जिसपर सभी गणना एजेंट ने पूरे आत्मविश्वास एवं निष्ठा से मतगणना कार्य को निष्ठा से संपन्न कराने का संकल्प भी लिया है प्रशिक्षण के पूर्व उपस्थित कांग्रेस जनों को विधायक हर्षिता बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री लोकसभा प्रभारी शाहिद भाई, जिला अध्यक्ष भागवत साहू, कुलबीर छाबड़ा में भी संबोधित किया।

## कांग्रेस प्रत्याशी ने चुनाव आयोग पर लगाए गंभीर आरोप, गिनाए ये खामियां



बिलासपुर। लोकसभा चुनाव-2024 की मतगणना से ठीक दो दिन पहले बिलासपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी देवेंद्र यादव ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

दरअसल, बिलासपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग पर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव आयोग पक्षपात पूर्ण तरीके से काम कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव आयोग द्वारा दिए गए दस्तावेज और प्रारूप 17ए के आंकड़ों में भिन्नता है। कई मशीनों के नंबर अलग हैं। कुछ मशीनों के नंबर ही उपलब्ध नहीं कराए गए।

लोकसभा के 2251 में से 611 मतदान केंद्रो में इस तरह की गड़बड़ी का आरोप भी लगाया है। ऐसे में उन्होंने चुनाव आयोग को आवेदन लिखकर इन गड़बड़ियों पर दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा था। लेकिन आयोग की तरफ से उन्हें अब तक कोई जवाब नहीं आया, उन्होंने कहा की इससे यह स्पष्ट होता है कि चुनाव आयोग इस बात की जानकारी छिपाना चाहता है।

## उच्च न्यायालय ने कहा - आर्य समाज में किया गया विवाह मान्य है या नहीं यह परिवार-न्यायालय करेगा तय

बिलासपुर (आरएनएस)। हाईकोर्ट के समक्ष ऐसा मामला आया है, जिसमें किसी लड़की से शादी का झांसा देकर प्रेम किया व अन्य से शादी करने सगाई कर ली। प्रेमिका को इसकी जानकारी होने पर उसने पुलिस से शिकायत की। शिकायत के बाद प्रेमी ने जेल जाने से बचने प्रेमिका से आर्य समाज में विवाह किया। कुछ दिन बाद प्रेमी व उसके परिवार वालों ने पत्नी को मायके में रहने मजबूर किया। पति से अलग होने पर पत्नी ने हिन्दू मैरिज एक्ट के तहत धारा 125 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर पति से भरण पोषण राशि दिलाने की मांग की।

परिवार न्यायालय ने अंतरिम आदेश पारित करते हुए पति को 2000 रुपए प्रतिमाह भरण पोषण राशि देने का आदेश दिया। इस आदेश के खिलाफ पति ने हाईकोर्ट में अपील की। दूसरी ओर पत्नी ने भी भरण पोषण राशि 15000 रुपए करने याचिका पेश की। पत्नी ने याचिका में कहा कि पति ट्रांसपोर्ट का व्यवसाय कर प्रति माह 50000 रुपए कमाता है।

### मामला हिंदू मैरिज एक्ट का है या नहीं

मामले में पति ने कहा कि वह प्राइवेट काम कर प्रति माह 10000 रुपए कमाता है। इसके अलावा मामला हिन्दू मैरिज एक्ट का नहीं बनता है क्योंकि आर्य समाज में किया गया विवाह मान्य नहीं है। इस आधार पर परिवार न्यायालय के अंतरिम आदेश को निरस्त करने की मांग की गई। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद पति को मामले में अंतिम निर्णय आने तक 2000 रुपए प्रति माह भरण पोषण व्यय देने का निर्देश दिया है।

## प्रचण्ड गर्मी के साथ नवतपा की हुई समाप्ति... पंचक का रहेगा जोर

**हल्की बूंदा-बांदी व बारिश की बनी रहेगी स्थिति.... चिपचिपी गर्मी व उमस से लोग होंगे परेशान**



राजनांदगांव (दावा)। ज्येष्ठ माह शुरू होने के ठीक दूसरे दिन से लगा नवतपा पूरे नौ दिनों तक भीषण गर्मी से लोगों को झुलसाने के बाद 2 जून को इसकी समाप्ति हुई है। इसके बाद सोमवार से पंचक लग जाएगा। जानकारों की माने तो नवतपा के बाद पांच दिनों तक नवतपा के ही समान परेशान करने वाला पंचक अपने पांच दिनों में हल्की बूंदा-बांदी व बारिश की स्थिति तो बनाता है, लेकिन इससे उपजी चिपचिपी गर्मी व उमस से लोगों को भारी परेशान कर जाता है। लोगों की तबीयत पर इसका प्रतिकूल असर पड़ता है।

बताते चले कि 24 मई को जेष्ठ माह लगते ही इसके अगले दिन 25 मई से सूर्य देव के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश के साथ नौतपा प्रारंभ हुआ और यह नौ दिनों तक ऐसे तपा कि गर्मी के सारे रिकार्ड ध्वस्त हो गए। तापमान का पारा 47 डिग्री तक जा पहुंचा था। सुबह से लेकर दिन व देर शाम रात तक भीषण गर्मी का माहौल बना रहता था। लोग भीषण गर्मी से त्राहि-त्राहि कर रहे थे। ले-दे कर रविवार को नवतपा की समाप्ति हुई। इस पर भी पारा 42 डिग्री सेन्टीग्रेड पर ठहरा हुआ है। रविवार को नवतपा की समाप्ति के आखिरी दिन सुबह से लेकर दिन भर आसमान में बदली छायी रही जिससे और भी गर्मी का माहौल बना रहा। बताया जा रहा है कि प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने या गरज-चमक के साथ छीटे पड़ने की संभावना है।

मौसम विज्ञानी श्री चन्द्रा ने बताया कि एक द्रोणिका पश्चिम उत्तर प्रदेश से पश्चिम असम तक 1.5 किलोमीटर की उंचाई तक विस्तरित है वही एक चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण पश्चिम उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में समुद्र तल से 3.1 और 4.5 कि.मी. उपर बना हुआ है। इससे प्रदेश के कुछ स्थानों में ग्रीष्म लहर की स्थिति और वज्रपात के साथ अंधड़ चलने की संभावना है वही दो दिनों बाद तेज हवा की गति 40 से 50 कि.मी. प्रति घंटे चलने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग ने नवतपा समाप्ति के बाद भी अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेन्टीग्रेड व न्यूनतम 30 डिग्री सेन्टीग्रेड के आसपास रहने की संभावना जताई है। इसका मतलब यह कि 13 जून के पहले बारिश की फुहार से लोगों को वंचित रहना पड़ेगा। भीषण गर्मी व उमस पंचक तक ऐसी ही बनी रहेगी। लोग पसीने से तरबतर होते रहेंगे।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
भीड़भरा शानदार दूसरा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक, एक्शन एवं गीत संगीत से भरपूर
सतीश जैन कृत
मोर छंइया भुंईया-2
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दीपक साहू, एल्सा घोष, पुष्पेन्द्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, धर्मेन्द्र चौबे आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com




## 14 जून रक्तदान शिविर हेतु छात्र युवा मंच परिवार की बैठक संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। जब तक है जान तब तक हम स्वयं करेंगे रक्तदान और रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे आज छात्र युवा मंच परिवार द्वारा आगामी 14 जून रक्तदान शिविर के संबंधित बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ के इतिहास में छात्र युवा मंच परिवार द्वारा 94वॉ रक्तदान शिविर की तैयारी और रूप रेखा के विषय में चर्चा किया है

प्रदेश संयोजक नागेश यदु ने बताया कि संगठन निरंतर रक्तदान को जन अभियान बनाने के लिए कार्य कर रही है। साल भर लोगों की मदद और रक्त की कमी से किसी की जान ना जाएं, ऐसे महत्वपूर्ण विषय को लेकर संगठन कार्य कर रहे है। आज छात्र युवा मंच परिवार का साप्ताहिक बैठक में आगामी कार्यक्रम को कैसे सफल बनाया जा सकता और उसकी रूप रेखा तैयार करने के लिए बैठक में सभी पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही साथ रक्तदान शिविर के पहले शिविर स्थान पर रक्तदान जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। छात्र युवा मंच परिवार द्वारा ग्रीष्मकालीन व्यक्तित्व विकास शिविर में प्रतिदिन 32 से ज्यादा बच्चे इस शिविर में शामिल होकर अपना व्यक्तिगत विकास कर रहे हैं। जैसे स्कूलों की छुट्टी शुरुआत होती है तो बड़े-बड़े देशों और शहरों के लोग अपने बच्चों को समर कैंप भेजते है ताकि वहां जाकर नये लोगों से मिले नई-नई एक्टिविटी सीखें इसके लिए लोग काफी पैसे भी खर्च करते हैं। संगठन द्वारा ग्रीष्मकालीन व्यक्तित्व विकास बिल्कुल निःशुल्क शीतला मंदिर गार्डन में किया जा रहा है, जिसमें आप स्थानीय लोग शामिल होकर अपने बच्चों का व्यक्तित्व विकास करें और उनको नई नई एक्टिविटी सीखने का अवसर दें। आज के साप्ताहिक बैठक में प्रदेश संयोजक नागेश यदु, प्रदेश प्रमुख दीपक देवांगन, प्रदेश प्रमुख लोकेश बारापात्रे प्रदेश छत्रपति शिवाजी रक्तवीर मंच, प्रदेश अध्यक्ष माधव साहू छत्रपति शिवाजी महाराज रक्तवीर मंच प्रदेश तकनीकी व संचार प्रमुख प्रवीण मारकंडे छात्र युवा मंच, दिग्विजय महाविद्यालय अध्यक्ष दुष्यंत कुमार उपस्थित थे।

## 'अमित शाह ने किन कलेक्टरों को किया फोन, नाम दें...' जयराम के आरोपों पर चुनाव आयोग ने मांगा जवाब



नई दिल्ली। अमित शाह द्वारा 150 से अधिक जिलाधिकारियों से फोन पर बात करने के कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के आरोप को चुनाव आयोग ने गंभीरता से लिया है। चुनाव आयोग ने जयराम रमेश को इसके बारे में सबूत देने कहा है।

जयराम रमेश ने शनिवार की शाम को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर अमित शाह द्वारा जिलाधिकारियों को फोन कर चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने का आरोप लगाया था। चुनाव आयोग ने साफ किया कि चुनाव प्रक्रिया पूरा होने तक सभी जिलाधिकारी आयोग के मातहत माने जाते हैं और नियम के मुताबिक उनके लिए किसी भी बाहरी हस्तक्षेप की जानकारी तत्काल चुनाव आयोग को देना अनिवार्य है।

### जिलाधिकारियों ने नहीं दी जानकारी-आयोग

आयोग ने कहा कि अभी तक एक भी जिलाधिकारी ने अमित शाह द्वारा फोन किये जाने की जानकारी चुनाव आयोग को नहीं दी है। ऐसे में चुनावी प्रक्रिया के संदेह से परे रखने के जरूरी है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता खुद उन जिलाधिकारियों के नाम बताये, जिनको अमित शाह ने फोन किया था।

### तत्काल निवारण जरूरी

आयोग ने आरोप लगाया कि इस तरह के पोस्ट करने से चुनावी प्रक्रिया पर संदेह खड़ा होता है और आम जनता के हित में इसका तत्काल निवारण करना जरूरी है। जयराम रमेश ने अपने पोस्ट में अमित शाह द्वारा जिलाधिकारियों फोन करने को चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप बताया और इसे भाजपा की हताशा करार दिया था।

जयराम ने यह भी लिखा था कि चार जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा की विदाई और आईएनडीआईए की जीत तय है, इसीलिए अधिकारियों को डरने की जरूरत नहीं है और उन्हें संविधान के अनुसार अपना काम करना चाहिए। यह देखना होगा कि जयराम रमेश इन जिलाधिकारियों के नाम देते हैं या नहीं और नाम नहीं देने की स्थिति में चुनाव आयोग उनके खिलाफ क्या कार्रवाई करता है।

# मतगणना कार्य को सुचारू सम्पन्न करने तथा तैयारी के लिए किया गया रिहर्सल





○ मतगणना 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से
○ कलेक्टर ने मतगणना की तैयारी एवं व्यवस्था का लिया जायजा
○ मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, माईक्रोआब्जर्वर, एजेंट, प्रेस एवं मीडिया, अभ्यर्थी के आने-जाने के रूट के लिए किया गया मॉक ड्रिल
○ विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना के लिए स्थान निर्धारित

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में 4 जून को होने वाले मतगणना कार्य को सुचारू सम्पन्न करने तथा तैयारी के लिए आज छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में सुबह 7 बजे से रिहर्सल किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा मतगणना की तैयारी एवं व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने कहा कि मतगणना कार्य से संबंधित मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, माईक्रोआब्जर्वर, एजेंट, प्रेस एवं मीडिया, अभ्यर्थी के आने-जाने के रूट के लिए यह मॉक ड्रिल किया गया है। उद्घोषक कक्ष में हर रॉऊंड की जानकारी दी जाएगी। सुबह 7 बजे से सभी अपने टेबल पर ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। सुबह 8 बजे से मतगणना का कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि मतों की गोपनीयता भंग न हो इसके लिए मोबाईल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेंगे। पान, गुटखा, बीड़ी एवं अन्य मादक पदार्थ भी प्रतिबंधित रहेगा। लेकिन मीडियाकर्मी मीडिया सेंटर तक मोबाईल ले जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि हर राउण्ड में 14-14 टेबल में मतों की गणना की जाएगी। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा में मतदान केन्द्रों की संख्या अधिक होने के कारण 21-21 टेबल लगाये जाएंगे।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए पेयजल एवं कूलर में पानी भरने की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत रिटर्निंग ऑफिसर का कार्यालय होने के कारण राजनांदगांव जिले के साथ ही कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिलों की जानकारी समेकित करते हुए राऊण्डवार जानकारी दी जाएगी। डाकमत पत्रों की गणना के बाद ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग के मापदण्डों के अनुसार मतगणना कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था त्रि-स्तरीय है, जिसमें पहले स्तर पर आईटीबीपी की फोर्स, द्वितीय स्तर पर छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल एवं तीसरे स्तर पर जिला पुलिस बल के जवान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात हैं। उन्होंने गर्मी के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग को ओआरएस घोल एवं अन्य दवाईयां रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मतगणना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने उद्घोषणा कक्ष, मीडिया कक्ष, अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, कम्प्यूटर कक्ष राजनांदगांव जिला अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी के मतगणना कक्ष का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना कर्मियों, सेण्ट्रल टेबुलेशन, सिलिंग कार्य तथा स्ट्रांग रूम से ईव्हीएम मशीन लाने व ले जाने एवं अन्य कार्यों के लिए नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के आने-जाने तथा उनसे संबंधित कार्यों तथा प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर खुज्जी श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर डोंगरगढ़ उमेश कुमार पटेल, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर डोंगरगांव मनोज कुमार मरकाम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतगणना 4 जून को सुबह 8 बजे से की जाएगी। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना के लिए स्थान निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार कबीरधाम जिला अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पण्डरिया एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा की मतगणना आदर्श कृषि उपज मंडी समिति बिलासपुर रोड कवर्धा में किया जाएगा। खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ की मतगणना छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाऊस पिपरिया खैरागढ़ में किया जाएगा। राजनांदगांव जिला अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी की मतगणना छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में किया जाएगा। मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर की मतगणना शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय मोहला में किया जाएगा। सम्पूर्ण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव क्षेत्र के डाक मतपत्रों की गिनती और समस्त मतदान केन्द्रों के मतदान का परिणाम समेकित करने की कार्रवाई छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में की जाएगी।

## घर घुसकर जेवरात की चोरी करने वाले चोर पुलिस के हत्थे चढ़े



○ चोरी करने के बाद बेंच दिये गए थे जेवरात
○ पुलिस ने की सभी सोने-चांदी के जेवरात की बरामदगी

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के कालका पारा मुहल्ले में सोने-चांदी के जेवरातों की हुई चोरी करने वाले आरोपी सहित उनके सहयोगियों को धरदबोचा है। बताया जाता है कि चोर द्वारा अपने साथियों के माध्यम से बेच दिए गए जेवरातों की बरामदगी भी कर ली गई है।

डोंगरगढ़ थाना प्रभारी सी.आर. चंद्रा ने बताया कि घटना के संबंध में प्रार्थी राहुल सहारे पिता स्व. उदय लाल सहारे उम्र 27 साल निवासी कालकापारा ने गत 31 मई को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दिनांक 26 मई को परिवार के लोग बाहर गये हुये थे घर में वह अकेला था कि दिनांक 26 मई के दरम्यानी रात्रि में किसी अज्ञात चोर के द्वारा घर अंदर घुसकर टीन के पेटी में रखे सोने का 4 नग कंगन, 1 नग सोने का पैंडल, 1 जोड़ी सोने का झुमका कुल कीमती 30 हजार रुपए को चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्र.-312/2024 धारा- 457,380 भादंवि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा अज्ञात आरोपी के पता तलाश एवं विवेचना हेतु जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम से विवेचना हेतु दिशा-निर्देश प्राप्त कर तत्काल उन्होंने द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुये अलग-अलग टीम बनाकर घटना क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज एवं संदेहियों से पुछताछ कर पता तलाश में जुट गये।

### घर का ही निकला चोर

श्री चंद्रा ने बताया कि सोने-चांदी के जेवरात को चोरी करने और कोई नहीं प्रार्थी के ही नाबालिग रिश्तेदार चोर निकले। जिससे पूछताछ करने पर पता चला कि आज से करीबन 3 माह पूर्व ही घर में सुना देखकर पेटी में रखे जेवरात को निकालकर अपने पास रख लिया था जिसे बेचने के लिये अपने दोस्त दिवाकर वाल्दे को बताया दिवाकर वाल्दे ने कुणाल डोंगरे को बोला कुणाल डोंगरे ने अपने टीचर प्रणिता नायडु को बताया सभी सामान बेचने के लिये सहमत हुये और डोंगरगढ़ के ज्वेलर्स दुकान में बेचना पता चला।

### चोरी के जेवरात बरामद

श्री चंद्रा ने बताया कि चोरी के उक्त प्रकरण में दिवाकर वाल्दे पिता शिवचरण वाल्दे उम्र 19 साल व, कुणाल डोंगरे पिता रोशन डोंगरे उम्र- 19 साल दोनों निवासी कालकापारा एवं प्रणिता नायडु पिता प्रदीप नायडू को हिरासत में लेकर हिकमत अमली से पुछताछ करने पर नाबालिग अपचारी बालक द्वारा दिये गये सोने चांदी के जेवरात को प्रणिता नायडू के निशादेही पर डोंगरगढ़ के आदर्श ज्वेलर्स, विजय ज्वेलर्स एवं बम्लेश्वरी ज्वेलर्स में बेचना बताया गया, इस पर आरोपियों के बताये अनुसार सबंधित ज्वेलर्स दुकान में पंहुचकर सोने-चांदी के जेवरात को बरामद किया गया है। ज्वेलर्स संचालकों से विधिवत जप्त संपत्ति के संबंध में पुछताछ करने पर प्रणिता नायडु पुराने ग्राहक होने से सद्भावना पूर्वक जेवरात खरीदकर जेवरात के वास्तविक कीमत देना बताया। प्रकरण में विधि से संघर्षरत अपचारी बालक के विरूद्ध धारा-457, 380 भादवि0 के तहत कार्यवाही किया गया है एवं आरोपी दिवाकर वाल्दे, कुणाल डोंगरे एवं प्रणिता नायडु के विरूद्ध धारा-414 भादवि0 के तहत कार्यवाही कर सर्वोच्च न्यायालय के गाईड लाईन का पालन करते हुये अनुबंध पत्र प्राप्त किया गया है ।

## पूर्ण बहुमत से सरकार बनायेंगे मोदी जी - नीलू शर्मा



छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीट जीतेगी भाजपा

राजनांदगांव (दावा)। लोकतांत्रिक देश का सबसे बड़ा चुनाव सात चरणों में पूर्ण हो गया है जिस पर भाजपा भी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाती हुई नजर आया रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने बताया की अंतिम चरण के मतदान के बाद चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर भाजपा प्रदेश संगठन पूरी तरह से तैयार है, और सभी को पूर्ण विश्वास है कि छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीट पर भाजपा को एक बड़ी जीत हासिल होने जा रही है, साथ ही 400 पार का नारा लेकर चल रही मोदी सरकार निसंदेह पूर्ण बहुमत के साथ पुनः भारत देश की बागडोर संभाल कर देश को विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर करेगा। श्री शर्मा ने आगे कहा कि उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक भाजपा का डंका बजने वाला है एवं छत्तीसगढ़ में सभी सीट जीत कर डबल इंजन की सरकार को और गति प्रदान होने वाली है।

प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने बताया कि भाजपा अन्त्योदय की भावना से काम करने वाली पार्टी है देश या राज्य में भाजपा की सरकार आने के बाद पुनः सरकार बनाने में भाजपा का सक्सेस रेट 100 प्रतिशत रहा है तो वहीं एक बार कांग्रेस की सरकार बनते ही घोटाले और भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा ही पार हो जाती है व जनता द्वारा उन्हें नकार दिया जाता है। दस वर्षो से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश ने जिस गति से विकास को देख है वह अविस्मरणीय है। युवा, महिला, व्यापारी, किसान, श्रमिक सभी के उत्थान के लिए योजना बना कर सफलता पूर्वक उनका क्रियान्वयन करते हुए देश की जनता ने मोदी जी की सरकार को देखा है, उसी के परिणाम स्वरूप जनता ने भाजपा सरकार की नीतियों पर भरोसा कर भाजपा को वोट दिया है जिससे पुनः पूर्ण बहुमत की सरकार की बनने जा रही है।

## नौतपा का कहर, पाली में 30 से अधिक चमगादड़ों की मौत

कोरबा। नौतपा में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ गया है। इंसानों के साथ बेजुबानों की जान पर भी खतरा मंडराने लगा है। पाली क्षेत्र में हीट स्ट्रोक से 30 से अधिक चमगादड़ों की मौत हो गई है। पेड़ के नीचे व तालाब किनारे चमगादड़ मृत पड़े देखे गए। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी।

एक साथ बड़ी संख्या में हुई चमगादड़ों की मौत के बाद वन विभाग के अफसर हरकत में आए। मृत चमगादड़ों की पीएम की प्रक्रिया के अलावा पक्षियों के बचाव को लेकर उपाये किए जा रहे हैं।

## भीषण गर्मी में शहरवासियों का रूख शिवनाथ नदी की ओर





○ आक्सीजोन व नदी किनारे बना मेले जैसा माहौल
○ नदी में डुबकी लगाकर भीषण गर्मी से बचने का प्रयास

राजनांदगांव(दावा)। इस बार की नौतपा की प्रचण्ड गर्मी ने लोगों को नानी याद दिला दी। भीषण गर्मी से जूझते लोगों को पंखा-कुलर, एसी भी राहत नहीं दे पाए। ऐसी स्थिति में लोगों को भीषण गर्मी से बचने शिवनाथ नदी की ओर रूख करना पड़ा। लोग नदी में डुबकी लगाकर प्रचण्ड गर्मी से बचने की भरसक कोशिश की। इससे लोगों को नदी में डूबकी लगाकर नहाने से भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली।

बता दे कि पिछले दो-तीन दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से लोग बेजार हो गए थे। पारा 47 डिग्री के आसपास जा रहा था। पसीने से तरबतर लोगों को ऐसे में कुछ भी नहीं सूझ रहा था। तब लोगों ने भीषण गर्मी से राहत पाने शिवनाथ नदी में डूबकी लगाने की जुगाड़ निकाली और बड़ी संख्या में पहुंच गए नदी में नहाने के लिए। क्या-बच्चे क्या बूढ़े... क्या जवान नदी में डूबकी लगाकर खूब अटखेलिया की और भीषण गर्मी से कुछ देर के लिए ही सही शारीरिक व मानसिक शांति पाई इस दौरान शिवनाथ नदी क्षेत्र में मेले जैसा माहौल रहा।

लोग दो-पहिया, चार पहिया मोटर सायकल में मोहारा नदी तट पर स्थित आक्सीजोन में घूमने व नदी में नहाने का आनंद लिया। कुछ लोगों ने अपने परिवार सहित यहां पिकनिक भी मनाई। बच्चों-बूढ़े, जवान सभी नदी में डूबकी लगाकर खूब अटखेलिया की। कुछ लोग बच्चों को नदी के गहरे पानी में न जाने की चेतावनी भी देते रहे। पर इन सब बातों से बे परवाह लोग नदी में डूबकी लगाकर तैरकर जलक्रीड़ा करने का खूब मजा लिए। कुछ बच्चे तो नदी में फुटबाल खेल कर आनंद उठाते रहे वही कुछ लोग मोटर टयूब व अन्य तैरने के माध्यम से नदी में नहाने का मजा लिया। इस दौरान रामनगर, शंकरपुर के पूर्व पार्षद देवेश देवांगन, भीषण गर्मी से बचने शिवनाथ नदी में डूबकी लगाने आए लोगों का हौसला बढ़ाते रहे।

उन्होंने बताया कि गर्मी के दिनों में पैसे वाले लोग शहर से दूर स्थित वाटर पार्क में जाकर आनंद लेते है। वही प्राकृतिक आनंद में विश्वास करने वाले लोगों ने शहर की जीवन दायिनी नदी शिवनाथ में डूबकी लगाने का चयन किया। नौतपा के आखिरी दिन तो यहां मेले जैसा माहौल रहा। शहर व आसपास के लोग अपने-अपने वाहनों में अपने परिवार वालों के साथ मोहारातट पहुंच कर शिवनाथ में डुबकी लगाई और भीषण गर्मी से राहत पाने की भरसक कोशिश की। इस दौरान नदी में बड़ी संख्या में डूबकी लगाते नदी के पानी में अटखेलिया करते लोगों का अनुपम नजारा रहा। इससे मोहारा तट से लेकर आक्सीजोन तक मेले जैसा माहौल बना रहा। आक्सीजोन में हरे-भरे पेड़ों के बीच रह कर शुद्ध हवा को सांसद ली व प्राकृतिक दृश्यों का आनंद लिया।

## एग्जिट पोल की हवा निकलेगी जीतेंगे भूपेश बघेल - सूर्यकांत जैन



○ कहा - देश की जनता का मीडिया के एकवर्ग पर से विश्वास उठा

राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व कांग्रेस युवा नेता सूर्यकांत जैन ने 18वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में भाजपा के पक्ष में एग्जिट पोल बताने वाले मीडिया के एक वर्ग पर अपनी दो टूक बातें कही हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया पर सभी वर्ग को बड़ा भरोसा होता है लेकिन मीडिया का एक वर्ग मोदी और शाह के इतने यशोगान में लगा हुआ है। कि उसने यह भुला दिया है कि कई दशक तक देश चलाने वाली कांग्रेस के नेताओं को एक तरह से नकारते हुए चल रहा है। श्री जैन ने आगे कहा कि 18वीं लोकसभा के चुनाव में 400 से ज्यादा सीट जीतने का घमंड करने वाली भाजपा को मतगणना की तारीख नजदीक आते-आते सत्ता खिसक जाने का डर सताने लगा है। वास्तव में देश की जनता ने तानाशाह और घमंडी शासक को नकार दिया है। सच तो यह है कि समझदार जनता किसी प्रकार की डिंग नहीं हांकने वाली कांग्रेस को पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में बिठाएगी। मोदी की गारंटी पर देश की जनता को कोई भरोसा नहीं है। कांग्रेस की न्याय गारंटी पर कांग्रेस के रग - रग में जनता की सेवा करने की भावना भरी हुई है। कांग्रेस की मानसिकता नफरत पैदा करने की नहीं कांग्रेस जाति धर्म के नाम पर वोट नहीं मांगती है। कांग्रेस को भारत के संविधान के अनुसार देश चलने का पुराना अनुभव रहा है। भाजपा तो अपने गलत मंसूबे पूरा करने के लिए संविधान बदल देना चाहती है। जिसके लिए देश की जनता बिल्कुल भी तैयार नहीं लोग 4 जून को देखेंगे कि भाजपा के पक्ष में एग्जिट पोल की हवा निकल जाएगी और जनता के बीच मीडिया के उस वर्ग की किरकिरी होगी। जैन ने दावा किया कि कांग्रेस इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत के साथ 295 सीट जीत कर सरकार बनाएगी।

## आईईडी ब्लास्ट, शौच करने गया ग्रामीण गंभीर रूप से घायल

बीजापुर। नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बल को निशाना बनाने के लिए लगाए गए आईईडी की चपेट में ग्रामीण आ गया, जिससे उसके दाएं पैर के चिथड़े उड़ गए।

जानकारी के अनुसार, तर्रेम थानाक्षेत्र के तोयानाला के पास घटना हुआ है. पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने घटना की जानकारी देते बताया कि चुटवाई निवासी माड़वी नंदा शौच के लिए गया था, इस दौरान सड़क किनारे लगाए गए आईईडी की चपेट में आ गया। आईईडी के फटने उसका दांया पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया,. शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोट आई है. युवक को सीपीआरएफ के फील्ड अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रिफर किया गया है।

## सरेआम शराब पीते 19 गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 19 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गोलबाजार पुलिस ने राज टॉकीज के पीछे सरेआम शराब पीते आरोपी सरताज अहमद, रोशन यादव, अरूण यादव व हितेश चौबे को गिरफ्तार किया है। वहीं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी मनोज साहू एवं सेजबहार पुलिस ने आरोपी सजीत बंजारे व किशन बंजारे को गिरफ्तार किया है। इसी तरह पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी पंकज सिह ठाकुर, चैतराम साहू, राज यादव, योगेश कुमार कुश्वाहा, हेमंत कुमार, बाबी कुश्वाहा, माता प्रसाद कुश्वाहा व सिदार्थ बंजारे को गिरफ्तार किया है। वहीं मोवा पुलिस ने आरोपी आकाश पटेल 18 वर्ष, आरंग पुलिस ने आरोपी शिवशंकर भारती 34 वर्ष, खरोरा पुलिस ने आरोपी हजारी कंड्रा 52 वर्ष व धरसींवा पुलिस ने आरोपी पुरेन्द्र निषाद 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## जीरो शार्टेज का लक्ष्य हासिल नहीं करने वाले समिति प्रभारियों पर होगी एफआईआर

मुंगेली। कलेक्टर राहुल देव ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में खरीफ विपणन वर्ष में शेष धान उठाव वाले समितियों एवं मिलर्स की बैठक ली। बैठक में उन्होंने समिति प्रभारी एवं राइस मिलर्स को आपसी सामन्जस्य स्थापित कर दो दिन के भीतर शेष का धान उठाव सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

उन्होंने जिले के राइस मिलर्स के साथ राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर से पहुंचे राइस मिलर्स की समस्याएं भी सुनी और धान उठाव कार्य में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने धान उठाव में आनाकानी करने वाले मिलरों पर कार्रवाई के लिए छत्तीसगढ़ शासन मार्कफेड प्रबंधक के नाम पत्र भेजने के निर्देश जिला विपणन अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि जिन समितियों द्वारा तीन दिन के भीतर जीरो शार्टेज का लक्ष्य नहीं हासिल किया जाता, उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज भी कराई जाए। उन्होंने धान उठाव में लेटलतीफी को लेकर सहायक आयुक्त सहकारी संस्थाएं एवं सीसीबी नोडल पर नाराजगी भी जाहिर की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल ने कहा कि जिन धान उपार्जन केन्द्रों में अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है, इस पर तत्काल कार्रवाई कर संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाए। उन्होंने समिति प्रभारी एवं मिलर्स को शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए शीघ्र धान उठाव करने की बात कही।

## अज्ञात व्यक्ति ने बाइक को लगाई आग

रायपुर। खम्हारडीह शक्ति विद्यामंदिर के पास घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात व्यक्ति ने आग के हवाले कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पुणेन्द्र कुमार साहू 34 वर्ष खम्हारडीह शक्ति विद्यामंदिर के पास रहता है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीएक्स 6403 को घर के सामने खड़ी किया था, तभी अज्ञात व्यक्ति ने उसमें आग लगा दिया। जिससे प्रार्थी को 5 लाख का नुकसान हुआ है। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 435 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## हल चलाते किसान को मिला कुछ ऐसा कि उड़ गए होश, कुछ ही देर में बुलानी पड़ी पुलिस... दहशत में ग्रामीण

बालोद(दावा)। बालोद जिले के सुरेगांव थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां खेत में हल चलाते समय किसान को कंकाल का कपाल मिला है और उसका बाकी हिस्सा गायब था। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मामला ग्राम परसाडीह का बताया जा रहा है।

पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में खोजबीन की तो वहां खेत से थोड़ी ही दूर एक साड़ी मिली है, जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह किसी महिला का कंकाल हो सकता है। हालांकि थाना प्रभारी इंदिरा वैष्णव ने अभी कुछ भी स्पष्ट कहने से इनकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि यह कंकाल महिला का है या फिर पुरुष का।

### धड़ की तलाश

फिलहाल पुलिस द्वारा कंकाल के धड़ की तलाश की जा रही है और जो नरमुंड मिला है उसे अभी जांच के लिए फोरेंसिक टीम के पास भेजा गया है। बताया जा रहा है कि गांव की एक महिला कुछ दिनों से लापता है, लेकिन यह स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता कि यह नरमुंड उसका ही है, जब तक जांच रिपोर्ट सामने न आए।

## अनमोल दावा

"भूत और भविष्य में नहीं, जीवन तो इस पल में हैं अर्थात वर्तमान का अनुभव ही जीवन है।

# एग्जिट पोल्स में बीजेपी को बढ़त मिलने पर क्या बोल रहे नेता

लोकसभा चुनाव के आखिरी सातवें चरण का मतदान ख़त्म होने के बाद आए एग्ज़िट पोल्स में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को भारी बहुमत मिलते हुए दिखाया जा रहा है. इसे लेकर बीजेपी के अगुवाई वाले एनडीए और विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेताओं ने प्रतिक्रियाएं दी हैं.आखिरी दौर का चुनाव प्रचार अभियान खत्म होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करीब 45 घंटे के लिए कन्याकुमारी में मेडिटेशन के लिए चले गए थे. रविवार को पीएम अपने संभावित तीसरे कार्यकाल में 100 दिन के एजेंडे को लेकर बैठक करेंगे. बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दावा किया कि बीजेपी अकेले 370 सीटें जीतेगी और एनडीए गठबंधन को 400 सीटें मिलेंगी.

उनका दावा है कि एनडीए गठबंधन को उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना में बीते चुनावों की तुलना में अधिक सीटें मिलेंगी.

इस बीच शनिवार को विपक्षी दलों ने बैठक कर आगे की रणनीति पर चर्चा की. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया है कि इंडिया गठबंधन 295 से अधिक सीटों पर जीत हासिल करेगा. सभी एग्ज़िट पोल्स प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता मिलने के संकेत दे रहे हैं.

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर लिखा, ÷मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि भारत के लोगों ने एनडीए सरकार को फिर से चुनने के लिए रिकॉर्ड संख्या में वोट किया है. उन्होंने हमारा ट्रैक रिकॉर्ड और तरीक़ा देखा है. हमारे काम से ग़रीबों, हाशिए के लोगों और निचले पायदान पर रहने वालों की ज़िंदगी में गुणात्मक बदलाव आया है.विपक्षी इंडिया गठबंधन की आलोचना करते हुए उन्होंने लिखा, अवसरवादी इंडी गठबंधन मतदाताओं की नब्ज़ पकड़ने में विफल रहा. वे जातिवादी, साम्प्रदायिक और भ्रष्ट हैं. मुट्ठी भर परिवारों को बचाने के लिए बनाया गया यह गठबंधन देश के लिए भविष्य का एक नज़रिया पेश करने में फ़ेल हो गया. पूरे चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने अपनी पूरी महारत मोदी का विरोध करने में लगा दी. इस तरह की पिछड़ी सोच को लोग ख़ारिज कर रहे हैं.

बीजेपी के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने कहा, ÷विपक्ष जनता के मिजाज को समझ नहीं पाया, देश में पहली बार कोई संत प्रवृत्ति के प्रधानमंत्री बने हैं. जिस तरह देश ने मोदी की गारंटी के प्रति विश्वास व्यक्त किया है, ये दिखाता है कि विपक्ष की साख देश में नहीं बची है. जिस पार्टी को उत्तर भारत की पार्टी कहा जाता था, दक्षिण भारत में उसका पुरज़ोर प्रदर्शन हुआ है.





एग्ज़िट पोल्स पर टिप्पणी करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि ये मोदी मीडिया का पोल है.अधिकतर चैनलों के एग्ज़िट पोल्स में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए को 543 में से 350 से अधिक सीटें दी गई हैं.कांग्रेस नेता राहुल गांधी से जब पत्रकारों ने एग्ज़िट पोल्स को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा, इसका नाम एग्जिट पोल्स नहीं है, ये मोदी मीडिया पोल है, ये मोदी जी का पोल है, उनकी फ़ैंटेसी का पोल है.पत्रकारों ने जब राहुल गांधी से पूछा कि इंडिया गठबंधन की कितनी सीटें आ रही हैं, तो उन्होंने कहा, सिद्धू मूसेवाला का सॉन्ग सुना है आपने- 295.दिवंगत गायक सिद्धू मूसेवाला ने 295 शीर्षक से एक गीत रिलीज़ किया था.राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया गठबंधन की 295 सीटें आ रही हैं.

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, एक्जिट पोल पूरी तरह बोगस हैं. जिन्हें चार जून को बाहर जाना है, उन्होंने ही इन एग्ज़िट पोल्स को जारी किया है. इंडिया गठबंधन कम से कम 295 सीटें पाने जा रहा है. सभी पार्टी नेता कल मिले थे, राज्यवार विश्लेषण किया गया और इस नतीजे पर पहुंचे कि हम 295 सीटें पाएंगे.उन्होंने कहा, ÷यह केवल मौजूदा पीएम और गृह मंत्री का मनोवैज्ञानिक खेल है. वे हमारे आत्मविश्वास को डिगाने के लिए हमारे नेताओं और कार्यकर्ताओं पर एक मनोवैज्ञानिक दबाव डालना चाहते हैं. यह नहीं होगा. राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एग्ज़िट पोल्स पर तंज़ करते हुए एक्स पर लिखा, ÷प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह धमकाने वाली भाषा का इस्तेमाल परसों की पब्लिक रैली में किया था उसी का असर एग्ज़िट पोल्स में दिख रहा है और चैनल उसी डर में भाजपा को एकतरफा जीतता हुआ दिखा रहे हैं. जनहित इसी में है कि एग्ज़िट पोल्स का हाल 2004 की तरह हो.÷सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को लिखा, ÷एग्ज़िट पोल की क्रोनोलॉजी समझिए- विपक्ष ने पहले ही घोषित कर दिया था कि भाजपाई मीडिया भाजपा को 300 पार दिखाएगा, जिससे घपला करने की गुंजाइश बन सके. उन्होंने दावा किया कि एग्ज़िट पोल कई महीने पहले ही तैयार कर लिए गए थे और चैनलों ने अब चलाए हैं.उन्होंने लिखा, एग्जिट पोल का आधार ईवीएम नहीं डीएम है. प्रशासन याद रखे जनशक्ति से बड़ा बल और कोई नहीं होता.

आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने एग्ज़िट पोल्स पर कटाक्ष करते हुए एक्स पर लिखा, आपको याद होंगे आजतक एक्सिस माय इंडिया ने बंगाल में बीजेपी को 160 सीट देकर सरकार बनवा दी थी. भाजपाई लड्डू भी बाँट रहे थे. आई आधे से कम, मात्र 77 सीट. मोदी को अब दे रहे हैं 400 सीट आएगी 200 से कम. राजनीतिक पार्टियों और कार्यकर्ताओं से अपील है अंतिम वोट की गिनती तक सिर्फ़ मतगणना पर ध्यान दें.उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा, एग्जिट पोल के पीछे एक मकसद है ताकि बीजेपी के '400 पार' नैरेटिव को वज़नी बनाया जाए...यह बनाई गई योजना का हिस्सा है... हम इस तरह की कोशिशों को ख़ारिज़ करते हैं...बीजेपी के समर्थन में कोई लहर नहीं है...जनता बदलाव चाह रही है..लोग लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए आगे आ रहे हैं. उन्होंने कहा, ÷भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो 400 पार का नैरेटिव बनाया, उसे वैधता प्रदान करने के लिए उसको एक वैधानिकता मिल जाए, स्वीकार्यता मिल जाए, लोगों में भी लगे कि एग्ज़िट पोल भी यही कह रहे थे, इसलिए इसमें कुछ है. इसीलिए ये एक्जिट पोल कराए गए.

शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने मीडिया से बातचीत में कहा, ÷एग्ज़िट पोल के ये अनुमान कॉर्पोरेट गेम है. आप उन्हें पैसे दीजिए और वे अपने पक्ष में आंकड़े जारी कर देंगे. इंडिया गठबंधन 295 से 310 सीटें पाकर सरकार बनाएगा. दिल्ली में आम आदमी पार्टी के विधायक और नई दिल्ली लोकसभा सीट से उम्मीदवार सोमनाथ भारती ने एग्ज़िट पोल जारी होने के बाद कहा है कि अगर नरेंद्र मोदी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बन गए तो वो अपना सिर मुंडवा लेंगे.सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए भारती ने कहा, मेरे शब्द लिख लीजिए.भारती ने कहा, 4 जून को सभी एग्ज़िट पोल ग़लत साबित होंगे और मोदी जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे. भारती ने दावा किया है कि दिल्ली में सभी सातों सीटों पर इंडिया गठबंधन को जीत मिलेगी.भारती ने ये दावा भी किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डर की वजह से एग्ज़िट पोल में उन्हें हारता हुआ नहीं दिखाया गया है. उन्होंने कहा, इसलिए हम सभी को चार जून को आने वाले वास्तविक नतीजों का इंतज़ार करना चाहिए.

## सम्पादकीय

### भारत आज सोने के भंडार में विश्व के टाप 10 देशों में है, जिसका श्रेय भू.पू. पीएम डॉ. मनमोहन सिंह को जाता है

रिजर्व बैंक आफ इंडिया ने बैंक आफ इंग्लैण्ड में रखा एक लाख किलो सोना याने एक टन सोना भारत ने वापस मांग लिया। जिसकी प्रतिक्रिया स्वाभाविक रूप से उत्तेजित करने वाली रही। जब भारत के प्रधानमंत्री चंद्रशेखर थे तब उन्होंने 1991 में भारत का सोना इंग्लैण्ड में गिरवी रखा था। इस बात को आधार बनाकर सोशल मीडिया में नरेन्द्र मोदी की यशगाथा में यह घटना जुड़ गई। मैसेज बड़ा वायरल होने लगा। वास्तव में यह सोना भारत का ही है और बैंक ऑफ इंग्लैण्ड में गिरवी नहीं रखा गया था। किंतु केवल विशाल मात्रा के सोने को संभाल कर सुरक्षित रखने इंग्लैण्ड की बैंक के लाकर में रखा गया था। अब लाकर से सोना इसलिए मांग लिया गया कि लाकर का बढ़ा किराया फिजूल लगा। अभी और 100 टन सोना भारत का बैंक आफ इंग्लैण्ड में रखा है। उसे भी शीघ्र मांग लिया जाएगा।

भारत में नागपुर और मुंबई के मिन्ट रोड स्थित रिजर्व बैंक आफ इंडिया की ब्रांच में सोना का स्टॉक रखा जाता है। अब इस 100 टन सोने को भी वहां रखा जाएगा। यह स्पष्ट हो जाने के बाद मोदी की यशगाथा कहने वाले चुप हो गए हैं। मीडिया ने भी पलटी मार दी है। अब केवल भारत ने सोना क्यों वापास मंगवाया? इसकी चर्चा शुरू हो गई है। सोने के भंडार रखने का निर्णय संवेदनशील होता है। इस पर से एक प्रश्न उठता है कि भारत ने किन कारणों से सोना वापस मंगा लिया? माना जाता है कि देश के सोने का भंडार विदेश में और भारत में याने दोनों ही स्थानों में बराबर रहे, इसके लिये इस तरह का निर्णय लिया जाता हैं।

रिजर्व बैंक के पास वर्तमान में कुल 822 टन सोना है। जिसमें से 413 टन सोना विदेशों में बैंक आफ इंग्लैण्ड सहित की अन्य बैंकों में सुरक्षित रखा है। अब जब 100 टन सोना आरबीआई के पास वापस आ गया है, तब वहां 509 टन सोना हो गया है। भारत सतत रूप से सोना खरीदते रहता है। जिससे सोने का भंडार बढ़ते जाता है ।

देश का सोना वापस लेने का निर्णय रिजर्व बैंक आफ इंडिया का है। किंतु इसको राजनैतिक ढंग देने वाले अशिक्षित और अबूध है। ऐसे लोगों को इतिहास पर नजर डालना होगी। डा. मनमोहन सिंह को बदनाम करने के लिए आधारहीन गप्पें सदृश्य बात करने वालों को जानकारी नहीं है कि भारत आज सोना का भंडार रखने वाले देशों की टाप टेन की सूची में शामिल है। जिसका शत प्रतिशत श्रेय और यश पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह को जाता है। भूतपूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के कार्यकाल में भारत की आर्थिक स्थिति इस हद तक कमजोर हो गई थी कि रिजर्व बैंक में सालों से पड़े हुए देश के सोने को गिरवी रखने का समय आ गया था। सरकार की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार इन्टर नेशनल मानेटरी फण्ड (आई.एम.एफ.) की मदद मांगी गई थी । आई. एम. एफ. ने भारत को 71. 50 करोड़ डालर दिए किन्तु वह भी पर्याप्त नहीं थे। इस कारण अन्य देशो के सेन्ट्रल बैंको के पास से धनराशि उधार लेने का निर्णय लिया गया था। उसी समय सद्दाम हुसैन ने कुवैत पर आक्रमण किया फलस्वरूप क्रूड की किमतो में वृद्धि हो गई और सभी देश चिंताग्रस्त हो गये थे। इस कारण भारत को अपेक्षत मदद नहीं मिली थी। उस समय देश का सोना बेचने का निर्णय लिया गया किन्तु इसका उग्र विरोध होने के कारण तस्करो के पास से जप्त किया सोना गिरवी रखने का निर्णय लिया गया था। मार्च 1991 में तस्करी का सोना गिरवी रख कर सरकार ने अपनी तिजोरी भरी थी। इसी दौरान कांग्रेस ने अपना समर्थन वापस ले लिया और चन्द्रशेखर की सरकार गिर गई थी। जिससे चन्द्रशेखर सरकार की साख नीचे आई और पैसो की मदद - मिलनी बंद गई। इस कारण उससे विवश होकर मई 1991 में स्विटजरलैण्ड की युएसबी बैंक में केवल 20 टन सोना गिरवी रख 20 करोड़ डालर का ऋण किया था।

जून 1991 में नरसिंहाराव की सरकार के नेतृत्व में नई सरकार रचने से विरासत में मिली खराब आर्थिक स्थिति के मद्देनजर तत्कालीन वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के पास भी एक ही विकल्प था कि सोना गिरवी रखकर धनराशि की व्यवस्था की जाए। सरकार के आदेश से जुलाई 1991 में बैंक आफ इंग्लैण्ड और बैंक आफ जापान में कुल 46.91 टन सोना गिरवी रखकर 40 करोड़ डालर रूपये का ऋण लिया गया था।

डॉ. मनमोहन सिंह वित्तमंत्री के रूप में इतने काबिल थे कि उनका प्रमाण यह है कि 40 करोड़ डालर का ऋण चुकाकर बैंक आफ इंग्लैण्ड और जापान में गिरवी रखा सोना छुड़ा लिया था और उनकी आर्थिक उदारीकरण की नीति एक सीमा चिन्ह साबित हुई थी, जिस नीति पर वर्तमान सरकार ने भी काम किया।

# मन में बसे हैं राम -165 : श्री राम अभिषेक का समाचार, मुदित सीता जी की श्री राम को बधाई

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



सेना को इस अभिषेक समारोह के लिए विशेष रूप से तैयार किया जा रहा है। सैनिकगण तलवार, धनुष - बाण, हाथों में अंगुलित्राण पहने हुए अपने राजकीय गणवेश में अयोध्या के विभिन्न स्थानों पर नियुक्त हो रहे हैं।

इसी बीच श्री राम ने माता कौशल्या के कक्ष में प्रवेश किया और उन्हें यह शुभ समाचार दिया। माता सुमित्रा, सीता जी और लक्ष्मण जी भी वहीं पर हैं। श्री राम द्वारा दोनों माताओं के चरण स्पर्श करने के बाद कक्ष में उत्सव का वातावरण हो गया है । श्री राम ने अनुज लक्ष्मण को गले लगा लिया।श्री राम ने जानकी जी की ओर देखा । जानकी जी की आंतरिक प्रसन्नता उनकी भावभंगिमाओं और आंखों से झलकने वाले हर्ष से प्रकट हो रही है। उन्होंने नेत्रों के संकेत से श्रीराम का अभिवादन किया और उन्हें बधाई दी।श्री राम की आंखों में जानकी जी के लिए गहरा प्रेम है। उधर दोनों माताओं ने हाथ जोड़कर मन ही मन प्रार्थना की और ईश्वर को इस निर्णय के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। माता कौशल्या दौड़कर कक्ष से लगे हुए पूजा कक्ष में गई और श्री हरि विष्णु की प्रतिमा के समक्ष अपने घुटनों के बल झुक गई। श्री राम ने पूछा, ''क्या छोटी माता (कैकेई) अपने कक्ष में होंगी ? मैं उनसे शीघ्र भेंट करता हूं और पूछता हूं कि क्या भरत - शत्रुघ्न मामाश्री के राज्य से वापस अयोध्या पहुंच रहे हैं ? कितना अच्छा होगा, अगर वे दोनों कल यहां रहे। ''

माता सुमित्रा ने कहा, ''कैकई अपने कक्ष में ही होगी पुत्र,लेकिन भरत और शत्रुघ्न का इतनी जल्दी वापस लौटना कठिन जान पड़ता है। तुम्हारा यह प्रिय भाई लक्ष्मण तो है ही यहीं पर।''

वहां से विदा लेकर श्री राम माता कैकेई के कक्ष में उन्हें यह शुभ समाचार बताने के लिए जाना ही चाहते थे कि एक संदेशवाहक ने आकर कहा कि गुरु वशिष्ठ उनसे (श्री राम से) और राजकुमारी सीता से तत्काल भेंट करना चाहते हैं।श्री राम को अचानक स्मरण हुआ कि पिताजी ने तत्काल उपवास और संयम व्रत प्रारंभ करने के लिए कहा है। माता कैकेई के कक्ष में जाना छोड़कर श्रीराम और सीता जी ने गुरु से मिलने के लिए आगंतुक कक्ष की ओर प्रस्थान किया।

कक्ष में गुरु वशिष्ठ के विराजमान होते ही श्री राम वहां पहुंच गए और उनके पीछे जानकी जी भी आ गईं। गुरु से आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद श्री राम ने कहा, ''गुरुदेव! पिताश्री मुझे एक बड़ा उत्तरदायित्व सौंप रहे हैं। उन्होंने मुझे और सीता को संयम व्रत का पालन करने के लिए कहा है। कृपया इस संबंध में हमारा मार्गदर्शन कीजिए ।''

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामयिक चर्चा

### एग्जिट पोल की क्या सनद है...

अखबार उठाते ही
बानी बोले उठे -
'सारे एग्जिट पोल में मोदी की लहर
क्या वाकई हो जाएगा
चार सौ पार, गजाधर'
गजाधर मुस्कराए बोले -
'बानी! एग्जिट पोल की
खबर को मैं क्यों ठीक जाँनू ?
मैं तो भैया !
यही कहता हूं -
एग्जिट पोल की क्या सनद है
चार जून, जो कहे उसे मैं मानू।



-गिरीश बख्शी

## कविता

### दो जून की रोटी

इंसान मेहनत करता
खूब पसीना बहाता
इस दो जून की
रोटी के लिए
कुछ का नसीब ही
कुछ और होता है
चिलचिलाती धूप में
काम करता है
पर मिले न उसे
ये दो जून की रोटी
कुछ और भी होते है
सिर्फ माल ही बटोरते है
ठाठ से रहते है
फिर चाव से वो खाते है
ये दो जून की रोटी
जिसे मिले पाक पकवान
कदर से है वो अनजान
रुखी सूखी ही सही
मुस्करा कर हम खाते है
ये दो जून की रोटी
उम्मीद है सफल होने की
परिश्रम को पाने की
ज्यादा की कुछ ख्वाहिश नहीं
बस मिल जाये
ये दो जून की रोटी
भूख से बड़ा न
कोई गुरु मिला
इन्हीं संघर्षों की
कहानी को गढ़ता
ये दो जून की रोटी



**रुचि श्रीवास्तव**
**सन सिटी राजनांदगांव**

## राजनीति और पंच मंकार

**(सम - सामयिक व्यंग्य)**

राजनीति को एक तांत्रिक कर्मकांड कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी, क्योंकि इसमें भी पूरे साम, दाम, दण्ड, भेद वाले छल-प्रपंच का खेल होता है। इसमें दयानिधि मारन, मैक मोहन, वशीकरण, स्तंभन, उच्चाटन सभी होते हैं। इसमें भी अघोर पंथ की तरह पंच मकार को साधने की बाध्यता रहती है।

बता दें कि अघोर साधना में मांस, मदिरा, मीन, मैथुन व मुद्रा, ये पांच मकार साध लिए तो मानो सब सध गया। यानि ईश्वर तत्व को पा लिए। राजनीति में भी सत्ता हासिल करने के लिए इन पंच मकारो को साधने पड़ते है। इनमें से एक मकार को भारत (मनोज) कुमार ने बेइमान की पहचान बताते हुए- ब, बेइमानी, ई, ईर्ष्या में म से बने मकार, कहा है।

यही मकार राजनीति में मक्कारी हो गया है।

लोकतंत्र में राजनीति के द्वारा सत्ता हासिल करने के लिए चुनाव में उतरना होता है। इसलिए बड़े- बड़े राजनीतिक दल चुनाव में उतरते हैं। इन राजनीतिक दलों में एक दल ऐसा भी है जो अघोर साधना वाली खोपड़ी लेकर नृत्य करने में माहिर हैं। उसकी गजब की खोपड़ी है। बिल्कुल चिकने घड़े की तरह। एक बूंद पानी नहीं ठहरता । उक्त राजनीतिक दल पंच मकार के मदिरा को लेकर दिल वालों का प्रिय बना हुआ है।अब उनकी अघोर साधना कारा में होने वाली है।

एक सबसे बड़े राजनीतिक दल के महान साधक ने खोह-कंदरा का सुख ले लिया। उन्होंने वहां जबरदस्त ध्यान - साधना की, इससे इंद्र के सिंहासन हिल गए।

उन्होंने क्रिया की प्रतिक्रिया स्वरुप पंच मकार वाले महंगाई, मंदिर, महिला सुरक्षा मंगल सूत्र से लेकर, कांटे वाली मछली (मीन), काटते रहो वाले मांस, माधवी लता वाली कान तक धनुष खींचने वाली मुद्रा और नोटों की शक्ल में मिलने वाली मुद्रा की ऐसी साधना की जिससे विरासत टैक्स

से लेकर, पाकिस्तान, परमाणु बम, संविधान खत्म ,एम (मकार) फैक्टर वाले आरक्षण, वोट जिहाद, खटाखट रुपए, सस्प्रैंटरशीप वाली नौकरी की मुद्रा अपनाई तो अच्छे- अच्छे लोग बंगले झांकने लग गए । पंच मकार के दांव में सबका खेला हो गया।

इसी पंच मकार का एक मकार मिथुन, चक्रवर्ती सम्राट बनने पश्चिम बंगाल में अपनी एनर्जी खपा रहा है और खेला वाले नज़ीर को बेनजीर बना रहा है।

अब यह मकार, वाशिंग पाउडर की चमकार की तरह दिखने वाला है। बहरहाल पंच मकार के मंगल सूत्र से लेकर बड़का मंगल तक चार जून को इवीएम खुलने के बाद क्या - क्या खुलेगा,, किसका मुंह कुप्पे की तरह फुलेगा ,,या कोई हिंडोले में झूलेगा,, यह तो बाद में पता चलेगा। हाथ में सायकल की हेन्डिल होगी या फूल, कुछ कहा नहीं जा सकता।

नैनों की तीर कमान वाली मुद्रा चलेगी या तुतारी गूंजेगा या फिर ढाल- तलवार से अपनों को बचाया जा सकेगा, कुछ बताया नहीं जा सकता। कहीं ऐसा न हो कि कोई सबकी आशाओं पर झाड़ू फेरते हुए 400 के पार चले जाएं। लेकिन हमें तो फकत इस गीत के चहुं ओर गूंजने का इंतजार करना पड़ेगा , चल चलें ऐ दिल करे,,चल कर किसी का इंतजार,,, इंतजार 272 के उस पार । तभी किसी की हो, सरकार बन पाएगी।




**आत्माराम कोशा अमात्य**
**राजनांदगांव**
**मो0 6261385579**

## कविता


### रहे भरोसा राम के

नानकुन पिकरी बीजा के, बनगे पीपर रूख।
कईसे बांच ही परवत म, जाही येहा सुख।
फेर डोगरी पहाड़ म जीयत, आज ले हावे अमर।
रूख राई ह जीथे सदा, दुसर के हित बर।
तुलसी बिरवा बाग में, जल सिंचत मुरझाय,
रहे भरोसा राम के परबत म हरियाय।
सेवा जतन के लईका लिल्हर, बिन जतन के उम्हीय।
जादू टोना नजर नई लागे, जस देवार पिला मं छराय।
झाला झोपड़ी म दिन काटे, महल भीतर पंखा नई रहाय।
जतन के किरवा खाय, बीन जतन के बेढ़े जाय।
रहे भरोसा राम के, परबत म हरियाय।।
उपर राम हे भरोसा रख, लेवय राम के नाम।
राम सुमर आराम मिलही, बिहनिया नई ते शाम।
अजगर करे न चाकरी, पंछी करे न काम।
दास मलूका कहे गये, सबका दाता राम।
राम ह जेन ल राख दे, वोला
काल घला नई खाय,
रहे भरोसा राम के, परबत म हरियाय।।




**आंनद राम सार्वा**
**कु.बो.भाठागांव**

## राशिफल




**मेष**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर जाएंगे। आज आप अपने खाली समय में अपनी अच्छाइयों और कमियों के बारे में विचार करेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। व्यापार में आज रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होने वाला है।




**वृषभ**

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। कोई रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी। बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे।




**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी काम में आपको अनुभवी व्यक्ति से मदद मिलने की संभावना है। परिवार वालों के साथ शॉपिंग करने का प्लान बनाएंगे। आज पैसों का लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए। संगीत से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन मिला-जुला रहेगा।



**कर्क**

आज आपका दिन हर्ष से भरा रहने वाला है। बिजनेस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। रोजमर्रा की जिंदगी में नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी। आज आप अपने बचपन के दोस्त से मिल सकते हैं.. अपनी पुरानी यादों को लेकर आपस में चर्चा करेंगे।



**सिंह**

आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। आज आपका कॉन्फिडेंस काम को पूरा करने में मदद करेगा। अपनी सेहत को बेहतर बनाये रखने के लिए आप योग की रूटीन अपनाएंगे।




**कन्या**

आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार में रोज से ज्यादा लाभ होने की संभावना है। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ी अधिक मेहनत करने की जरूरत है। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा।



**तुला**

आज आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों के करियर में नया बदलाव आयेगा, जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। सेहत के लिहाज से आपका दिन फीट एण्ड फाईन रहेगा। बिजनेस के किसी काम से आज आपको बाहर जाना पड़ सकता है। आपके साथ सब अच्छा होगा।




**वृश्चिक**

आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से पार्टनरशिप करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है।




**धनु**

आज पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। आज आपके आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज़ से आज का दिन बेहतर है। आप हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे।




**मकर**

आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपको अचानक नए स्रोतों से हुआ धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा। आप शाम को किसी समारोह में शामिल हो सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न होगा। लवमेट के लिए आज का दिन फेवरेबल रहेगा।



**कुंभ**

आज ऑफिस के काम में आप बिजी हो सकते हैं। किसी मुद्दे को लेकर आपको अपनी बात दूसरों के सामने रखने का मौका मिलेगा, जिसका प्रभाव कुछ लोगों पर साफ दिखेगा। आज आपको अपने खर्चों पर कंट्रोल करने की कोशिश करना चाहिए। परिवार के कुछ मामलों को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए।



**मीन**

आज पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस के कार्य समय से पूरे होते रहेंगे। आज बच्चों के साथ आपका समय अच्छा बीतेगा। किसी बात को लेकर बड़े भाई से विचार विमर्श करेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आयेगा।

# तालाब पार में 5 साल पहले लगाए पौधे आज बन गए पेड़



ठेलकाडीह (दावा)। शहर से करीब 12 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम बासुला के स्वयंसेवक तेजस्वी वर्मा पर्यावरण संरक्षण को लेकर संकल्प के साथ अपने काम में जुटे हुए हैं। गांव में पर्यावरण संरक्षण को लेकर विविध कार्यक्रम के साथ पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण का संदेश देते हुए पौधारोपण कर सुरक्षा का संकल्प ले रहे है। आपको बता दे कि इन दोनों भीषण गर्मी का प्रकोप जीव जंतुओं से लेकर प्रत्येक प्राणी झेल रहे कहीं ना कहीं या दुष्प्रभाव पर्यावरण से छेड़छाड़ होने के कारण ही यह स्थिति उत्पन्न हुई है हालांकि क्षेत्र के बासुला निवासी स्वयंसेवक तेजस्वी वर्मा अपने नेतृत्व में ग्रामीणों के साथ दर्जनभर गांवो में सैकड़ों पौधारोपण किया है और वह पौधे आज पेड़ बन गए इसका उदाहरण 5 साल पहले ग्राम पंचायत डोम्हाटोला के ग्राम पंचायत परिसर व तालाब पार में दिख रहे पेड़ इसके उदाहरण है द्य तेजस्वी वर्मा ने बताया कि इस साल में के अंतिम सप्ताह में पूरे जिले सहित छत्तीसगढ़ का तापमान पिछले कई सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया हैद्य आम बोलचाल की भाषा में यह सप्ताह नौतपा कहा जाता है और मान्यता यह है कि नौतपा के दौरान सामान्य तापमान से अधिक होना अच्छे मानसून के संकेत है। लेकिन इन दिनों धरती जिस प्रकार से तप रही है वह असामान्य है, इसलिए पौध रोपण कर पौधों को पेड़ बनाना अति आवश्यक हो गया है। पौधरोपण में युवाओं और महिलाओं का मिल रहा सहयोग।

वर्मा बताते हैं कि वे पिछले कई सालों से पर्यावरण संरक्षण की सोच को लेकर यह अभियान की शुरूआत किया था गांव से लेकर अब आसपास के गांव के युवाओं व महिलाओं बच्चों का सहयोग मिल रहा है जिससे वह गांव में पहुंचकर हर साल पौधारोपण के लिए पौधों का जुगाड़ कर बच्चों व महिलाओं के सहयोग से पौधरोपण करते हैं और उन्हें पौधारोपण कर पेड़ बनाने का संकल्प भी दिलाते हैं ताकि यह पौधा भविष्य में पेड़ बन सके।

### पौधारोपण में इनका मिलता है हमेशा सहयोग

ग्राम पंचायत डोम्हाटोला के सरपंच खिलेश्वरी साहू, अजय वर्मा, समलिया वर्मा, आंगनबाड़ी मैडम उमेश्वरी साहू ,तीज्या, दीपक वर्मा, हितेश साहू, सीमा साहू, प्राथमिक शाला के शिक्षक सेवन साहू, प्रियंका वर्मा, धारनी वर्मा, गोपाल साहू प्रिया साहू, आरती वर्मा, डोमेश्वरी साहू, विजय, रीना वर्मा, कुंदन जंघेल, माया साहू, अनूपा साहू, पूजा साहू, भुनेश्वरी, वर्षा, प्रीति वर्मा, यामिका, जितेंद्र वर्मा, डाकेश्वर वर्मा, जनक वर्मा, खिलेश साहू, ओमान साहू, आदित्य कोसरे, मनीष, देविका साहू, दिनेश साहू, भीकम साहू, ज्योति वर्मा, विद्या साहू, जयंत वर्मा, अमन वर्मा, खुशबू वर्मा, दिनेश साहू, ललित सीवारे, देवचंद तेजेश्वरी साहू, मंजू साहू, नूतन साहू, भीषण वर्मा सहित आसपास के युवाओं व महिलाओं का सहयोग मिल रहा है।

### छायादार पेड़ों की कटाई पर लगे रोक

यदि छायादार पौधों को नहीं बचा पाए तो हम जैव विविधता को संरक्षित रखने में विफल रहेंगे। मुश्किल यह है कि आज भी हमारा समाज इस विषय पर उदासीन बना हुआ है। हमारे क्षेत्र सहित जिले में छायादार वृक्ष तेजी से गायब होते जा रहे हैं। छायादार पेड़ हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं वे न केवल हमें फल व औषधि देते हैं बल्कि अनेक जीवों को अपने आश्रय में स्थान देकर पर्यावरण के संरक्षण में योगदान देते हैं। क्या आपने कभी गौर किया है कि हमारे घरों के आसपास हमेशा फुदकने वाली गौरैया कहा गुम हो गई है। छायादार पेड़ों का कटना यानी जैव विविधता के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है।

# बालोद के कमरौद में दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में चोरी, वारदात सीसीटीवी में कैद, चोर की तलाश में जुटी पुलिस



बालोद (दावा)। बालोद जिले में चोरों ने मंदिर को भी नहीं छोड़ा। यहां के प्रसिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में मुकुट सहित चढ़ाएं गए पैसों को लेकर चोर फरार हो गए। चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम जांच में जुट गई है। घटना गुंडरदेही थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कमरौद की है।

दरअसल, चोरी का यह मामला ग्राम कमरौद में स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर का है। जानकारी के अनुसार शनिवार बीती रात साढ़े 9 बजे मंदिर में चोरी हो गई। घटना की जानकारी रविवार को सुबह हुई। मंदिर के पुजारी ने चोरी की घटना की जानकारी दी।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम जांच में जुट गई है। पुलिस ने मंदिर में लगे सीसीटीवी की जांच की तो उसमें एक चोर चोरी करते नजर आया। सीसीटीवी में साफ दिख रखा है कि चोर शनिवार रात मंदिर में घुसा। सीसीटीवी में देखा जा सकता है शातिर चोर ने अपने पूरे चेहरे को ढंक कर रहा है, जिससे उसकी पहचान न हो सके। वहीं मंदिर में चोर चारों ओर घूम-घूमकर कीमती वस्तुओं को एक-एक कर उतार रहा है। इसके बाद चोर हनुमानजी के मुकुट सहित चढ़ाएं गए पैसों को पार कर फरार हो गया। मंदिर में चोरी की घटना से इलाके के लोगों में काफी गुस्सा है। इस मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। वहीं पुलिस डॉग स्कॉड की मदद से चोर की तलाश करेगी।

## पहला कॉलम...

### रासेयो स्वयंसेवियों द्वारा गर्मियों में पशु पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था



राजनांदगांव(दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन एवं रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि व प्रो.करुणा रावटे के नेतृत्व में स्वयंसेवियों द्वारा स्वयंसेविका दिव्या यादव के द्वारा कबाड से जुगाड के द्वारा अनुपयोगी बोतलों एवं तेल टीपा के माध्यम से बढ़ते तेज धूप व गर्मी को ध्यान में रकजते हुए पक्षियों के लिए दाना व पानी की व्यवस्था की गयी। गर्मियों के शुरुआत से ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा पशु पक्षियों के लिए निरंतर विभिन्न सेवा कार्य किया जा रहा है। क्योंकि जल की आवश्यकता सभी छोटे बड़े जीव जंतुओं को होती हैं और ज्यादातर गर्मी के दिनों में। स्वयंसेवियों का कहना है की गर्मियों में तो इंसान की हालत खराब हो गयी है तो ये तो बेजुबान जानवर है इसी सेवा भावना के साथ निरंतर सेवा कार्य जारी है। और स्वयंसेवियों द्वारा सन्देश दिया गया कि बढ़ते गर्मी को यदि भविष्य में कम करना हो तो कम से कम 1-1 पौधा लगाएं और उसे बड़ा करने का संकल्प लें, जिससे हमारा भविष्य सुरक्षित हो। इस अभियान में स्वयंसेवक विनोद टेम्बुकर, स्वयंसेविका दिव्या यादव, योगिता, नीतू के साथ-साथ पुरे इकाई के स्वयंसेवी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है।

### नारायणपुर में नक्सलियों की करतूत: मोबाइल टावर को किया आग के हवाले, पुलिस की सर्चिंग ऑपरेशन तेज



नारायणपुर । छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में जिले में एक बार नक्सलियों ने उत्पात मचाया है। नेटवर्क को बाधित करने के लिए टावर पर आग लगा दी। आगजनी से टावर पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है। वहीं इस घटना के बाद पुलिस ने सर्च ऑपरेशन तेज कर दी है। घटना नारायणपुर के धौड़ाई थाना क्षेत्र के दुर्मी गांव का है। नक्सलियों ने गांव में लगे टावर को देर रात आग के हवाले कर दिया। इससे पहले भी नेटवर्क बाधित करने के लिए नारायणपुर में नक्सलियों ने इस तरह की घटना को अंजाम दे चुके हैं।

नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि नक्सलियों ने देर रात घटना को अंजाम दिया है। इस आगजनी से वायरिंग कनेक्शन समेत पूरा टावर जलकर खाक हो गया है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने सर्च ऑपरेशन तेज कर दी है।

### मौसम विभाग ने जारी किया लू अलर्ट, मरने वालों की संख्या 10 हुई

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में पड़ रही भीषण गर्मी में मरने वालों की संख्या 10 हो गई है। जांजगीर में ही अकेले चार मौतें हुई हैं। वहीं, मौसम विभाग ने 16 जिलों में लू अलर्ट जारी किया था, इसका असर भी देखने को मिला। रात 9 बजे तक हीट वेव चलती रही। आज 21 जिलों में लू का यलो अलर्ट है। बस्तर संभाग में बूंदाबांदी के आसार हैं। रायपुर, दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिले में हीट इंडेक्स 50-60 सेंटीग्रेड है। वहीं, बाकी सभी जिलों में हीट इंडेक्स 40-50 सेंटीग्रेड के बीच है। शुक्रवार को प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान रायगढ़ में 47.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, बिलासपुर में 46.8 और रायपुर में पारा 46.4 डिग्री। 10 जिलों में पारा 44 डिग्री के पार पहुंच गया है।

# निषाद समाज के वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए पूर्व सीएम बघेल, साय सरकार पर बोला हमला




बालोद (दावा)। जिले के ग्राम हीरापुर में निषाद समाज द्वारा वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया जहां पहले सत्र में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए। उन्होंने कहा आज समाज आगे बढ़ रहा है भीषण गर्मी में यहां पर आयोजन हुआ ये एक बड़ा विषय है उन्होंने कहा आज समाज की बेटियां आगे बढ़ रही हैं और शिक्षा के क्षेत्र में हमारी सरकार ने काफी काम किया और आत्मानंद स्कूल खोले। मुझे गर्व है कि इस सत्र 28 टॉपर स्वामी आत्मानंद स्कूल के थे उन्होंने कहा अब तो इन स्कूलों में शुल्क लेना शुरू कर दिया है शिक्षा में इस तरह का बदलाव नहीं करना चाहिए चुनाव परिणाम और एक्जिट पोल को लेकर सीएम ने कहा 4 तारीख का हम सब को इंतजार है।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि यहां पर हमारी सरकार ने धान की कीमतों को लेकर काफी काम किया है उन्होंने कहा कि मैं पिताजी के साथ पहले धान की कीमत बढ़ाने आंदोलन करने जाता था बाघनदी, मैं सुनता था कि किसान कर्ज में पैदा होता है और कर्ज में ही मर जाता है इसे देखते हुए सबसे पहला काम हमने कर्ज माफी करने का काम किया। हमने बिलासा देवी के नाम से एयरपोर्ट बनाया, हमने मछुआ नीति बनाई, हमने गौठान बनाए पर ये सरकार गौठान को बंद कर रही है।

### समाज का बढ़ा मान

विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि यहां पर समाज अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, समाज को आगे बढ़ाने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बड़ा हाथ है, उन्होंने पहली बार निषाद समाज को दो बार टिकट दिया और आज समाज के गौरव के रूप में कुंवर सिंह निषाद काम कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समाज को नया रायपुर में जगह दिया।

निषाद समाज के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद ने दौरान कहा कि गर्भ का विषय है कि हमारे बीच वह पूर्व मुख्यमंत्री पहुंचे हैं जिसे समाज को नया रायपुर में जगह दिलाया इन्होंने हर गांव गरीब हर वर्ग के लिए काफी कुछ किया है जिसे यहां की जनता हमेशा याद रखेगी चुनाव का समय है परिणाम आने वाले हैं पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य जगहों पर भी मोर्चा सम्हाले हुए थे आज वो हमारे बीच समय निकालकर पहुंचे हैं।

# उत्कृष्ट छात्र मुकेश का जिलाधीश ने किया सम्मान



छुरिया (दावा)। विगत दिनों छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी परीक्षा वर्ष- 2024 में जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में सम्मिलित छात्र-छात्राओं का शासकीय बलदेव प्रसाद मिश्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगाव में जिलाधीश संजय अग्रवाल व जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर शासकीय उच्च. माध्यमिक विद्यालय भोलापुर में कक्षा बारहवी विज्ञान के छात्र मुकेश साहू सुपुत्र विजय साहू ने 91.20 प्रतिशत प्राप्त कर शाला में प्रथम और जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त कर अपना व अपने विद्यालय का नाम रोशन किया, जिनका जिलाधीश और जिला शिक्षा धिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो द्वारा सम्मान किया गया। इसी तरह विद्यालय में हाईस्कूल परीक्षा परिणाम 61.76 प्रतिशत रहा, जिसमें छात्र रमेश साहू ने 82.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी तरह बारहवीं कला का परीक्षा परिणाम 89.79 रहा, जिसमें छात्रा अंजली ने 77.06 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही बारहवीं विज्ञान का परीक्षा परिणाम 94.64 रहा। प्राचार्य कमलेश्वर देवाँगन ने परीक्षा में उत्तीर्ण समस्त छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए बताया कि इस वर्ष का परीक्षा परिणाम विगत वर्षों के परिणाम से बेहतर रहा है। परीक्षा में उत्तीर्ण समस्त छात्र छात्राओं को विद्यालय के शिक्षकों रमेश मंडलोई, योगिता मंडलोई, धनेश प्रसाद पाण्डेय, कन्हैया टेमरे, रामेश्वर नेताम, लक्ष्मी नारायण सिंह, नेहरू लाल बंजारे, वर्षा बोरकर, उर्वशी साहू, देविका देवांगन और अमित हरिहरनो ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# सईद कुरैशी सपत्निक हज यात्रा के लिए हुए रवाना



डोंगरगांव (दावा)। डोंगरगांव नगर के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यापारी खान ड्रेसेस के संचालक सईद कुरैशी खान अपनी पत्नी रुखसाना बेगम के साथ 2 जून को हज यात्रा के लिए रवाना हुए। उनके अच्छे सफर के लिए सभी ने दुआएं की। उनकी इस पावन यात्रा के लिए उनके परिवार के सदस्यों एवं डोंगरगांव नगर के सदर इकराम तँवर, जमील निर्बान, सिद्धि बडगुजर, इकबाल हसन, इशाक तंवर, एजाज हाशमी और इरफान कुरैशी ने शुभकामनाएं दी।

# सलमान खान को एके-47 से छलनी करने की साजिश नाकाम

**लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 4 शूटर गिरफ्तार**



मुंबई (आरएनएस)। नवी मुंबई पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की हत्या की एक और साजिश का खुलासा किया है. लॉरेंस बिश्नोई गिरोह ने कथित तौर पर पाकिस्तानी हथियार सप्लायर से प्राप्त हथियारों से लैस, महाराष्ट्र के पनवेल में सलमान खान की कार पर हमला करने की साजिश रची थी. मामले में नवी मुंबई पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर इस साजिश से जुड़े चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है.

बता दें कि, इससे पहले 14 अप्रैल को सलमान के मुंबई के बांद्रा में वाले फ्लैट के बाहर दो बाइक सवार लोगों ने गोलीबारी की थी. पुलिस सूत्रों के अनुसार, जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने अपने कनाडा स्थित चचेरे भाई अनमोल बिश्नोई और सहयोगी गोल्डी बरार के साथ कथित तौर पर एक पाकिस्तानी हथियार डीलर से एके-47, एम-16 और अन्य हाई कैलिबर हथियारों के साथ सलमान खान के वाहन पर घात लगाकर हमला करने या उनके फार्महाउस पर हमला करने की प्लानिंग तैयार की थी.

गौरतलब है कि, सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास के बाहर गोलीबारी की घटना के बाद, पुलिस ने चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया था, जिसमें विक्की गुप्ता और सागर पाल को गुजरात में पकड़ा गया, जबकि अनुज थापन और एक अन्य व्यक्ति को 26 अप्रैल को पंजाब में हिरासत में लिया गया था. इस गोलीबारी में कुल मिलाकर, छह गिरफ्तारियां की गई हैं, हालांकि अनुज थापन की पुलिस हिरासत में मौत हो गई.

वहीं दूसरी ओर पुलिस हिरासत में थापन की मौत ने मामले में कई सवाल खड़े कर दिए हैं. बॉम्बे हाई कोर्ट ने पेश की गई अधूरी ऑटोप्सी रिपोर्ट पर निराशा साधते हुए कहा कि, इसमें महत्वपूर्ण विवरण का अभाव है, जैसे कि थापन की गर्दन पर पाए गए संयुक्ताक्षर चिह्न का आरेख और किसी अन्य संभावित चोटों की जानकारी.

थापन की मां रीता देवी ने 3 मई को एक याचिका दायर की, जिसमें आरोप लगाया गया कि उनके बेटे पर पुलिस हिरासत में शारीरिक हमला किया गया और प्रताड़ित किया गया, जिससे 1 मई को मुंबई अपराध शाखा लॉक-अप में उसकी मौत हो गई. जबकि पुलिस का कहना है कि थापन की मौत आत्महत्या से हुई, सुश्री देवी की याचिका में घटना की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग की गई है.

# वनांचल शिक्षा सेवा न्यास छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा चल रहे दस दिवसीय वर्ग का हुआ समापन



दल्लीराजहरा (दावा)। सरस्वती शिक्षा केंद्र जिला राजनांदगांव, बालोद, कांकेर के आचार्यों का दस दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग स्थान सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. माध्यमिक विद्यालय दल्लीराजहरा में 19 मई से 30 मई तक प्रशिक्षण वर्ग रखा गया है जिसमें कुल 61 आचार्य इस वर्ग में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि सुमित लोढा प्रबंधक देव माइनिंग, मुख्यवक्ता राजेश्वर राव कृदत्त जिला प्रतिनिधि सरस्वती शिक्षा संस्थान, अध्यक्षता धरमचंद जैन अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर दल्लीराजहरा, विशिष्ट नरेश जायसवाल प्रान्त प्रमुख वनांचल शिक्षा सेवा न्यास छत्तीसगढ़, महेन्द्र भाई पटेल, नगर संघचालक, शेखर रेड्डी व्यवस्थापक स.शि.म., भूपेंद्र तिवारी प्राचार्य स.शि.म., कन्हैया लाल कुकरेजा खंड संघचालक, स्वाधीन जैन, कृष्ण कुमार साहू, जितेंद्र पटेल, गगन चौरड़िया, अंकित तिवारी, शिखरचंद जैन, नरेंद्र ग्वाल, श्रीमती देवंतीन पारकर, श्रीमती नंदा पसीने, श्रीमती ऊषा साहू, श्रीमती महालक्ष्मी, श्रीमती आई गौरम्मा रहे।

इस पूरे वर्ग में प्रार्थना अभिनय के साथ शिशु गीत ,हिन्दी शिक्षण, संस्कारक्षम वातावरण, अंग्रेजी शिक्षण, शारीरिक खेलकूद, गीत,वंदना, कहानी, बौद्धिक विकास जैसे विषयों का प्रशिक्षण दिया गया समापन प्रकट कार्यक्रम में व्यायाम योग, आसान, शिशु गीत अभिनय के साथ व आचार्यों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सरस्वती शिक्षा केंद्र वनवासी क्षेत्र के बच्चों को निः शुल्क संस्कार शिक्षा खेलकूद,गीत कहानी के व शैक्षणिक विकास के लिए केंद्र संचालित की जाती है इसमें गांव के ही युवक-युवतियां आचार्य के रूप में प्रशिक्षण लेकर अपना सेवा देते है इस वर्ग में सरस्वती शिशु मंदिर दल्लीराजहरा विद्यालय परिवार का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। स्वाधीन जैन के द्वारा सभी 75 आचार्यो एवं शिक्षकों को छाता दिया गया।

वर्ग प्रतिवेदन नरेश जायसवाल व आभार व्यक्त शेखर रेड्डी ने किया इस कार्यक्रम में श्रीराम यादव जिला समन्वयक राजनांदगांव, भुनेश्वर कुलदीप जिला समन्वयक कांकेर पुषणलाल भुआर्य जिला समन्वयक बालोद अमीरदास कृषाणे संकुल समन्वयक डौंडीलोहारा तामेश टांडिया, संकुल समन्वयक अंतागढ़ खेमन वर्मा, रितेश सिन्हा, कु. देविका पटेल, कु. आशना साहू, कु. शालिनी सेन शिक्षक सहित विद्यालय के आचार्य दीदी उपस्थित रहे।

### 6 जून को धूमधाम से मनाया जाएगा शनिदेव जनमोत्सव

रायपुर। मारुति लाइफस्टाइल के सामने मेन रोड कोटा में नवनिर्माण श्री शनिदेव के मंदिर में प्रथम वर्ष जन्मोत्सव अत्यंत ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा. शनि देव मंदिर के पुजारी रोहित शर्मा ने जानकारी दी कि मंदिर निर्माण हुए अभी कुछ माह ही हुए हैं.

शनिदेव का दर्शन करने, शिला में तेल अभिषेक कराने और मंदिर की साज सज्जा देखने काफी तादाद में भक्तजन दूर-दूर से यहां आते हैं.

यह वर्ष मंदिर में प्रथम वर्ष श्री शनिदेव जन्मोत्सव ज्येष्ठ अमावस्या कृष्ण पक्ष 06 जून दिन गुरुवार को मनाया जा रहा है. पुजारी ने जानकारी दी की सुबह से ही आयोजन शुरू हो जाएगा.

# पहला कॉलम...

## जीएसटी कलेक्शन, 1.73 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा


नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने जीएसटी कलेक्शन का डेटा रिलीज किया है. इसके अनुसार मई में ग्रॉस जीएसटी रेवेन्यू कलेक्शन 1.73 लाख करोड़ रुपये रहा है. इसमें सालाना आधार पर 10 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है. नेट जीएसटी रेवेन्यू भी 6.9 फीसदी बढ़कर 1.44 लाख करोड़ रुपये रहा है. आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक ग्रॉस जीएसटी रेवेन्यू कलेक्शन 3.83 लाख करोड़ रुपये रहा है. इसमें पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 11.3 फीसदी का उछाल आया है. हालांकि, जीएसटी कलेक्शन में अप्रैल, 2024 के मुकाबले कमी आई है. अप्रैल, 2024 में जीएसटी कलेक्शन ने 2 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया था. गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (त्रस्ञ्) के मई के आंकड़े बताते हैं कि घरेलू ट्रांजेक्शन में 15.3 फीसदी का उछाल आया है जबकि इंपोर्ट 4.3 फीसदी घटा है. मई, 2024 में सेंट्रल जीएसटी (ष्ट्रस्ञ्) 32,409 करोड़ रुपये, स्टेट जीएसटी (स्त्रस्ञ्) 40,265 करोड़ रुपये, इंटीग्रेटेड जीएसटी (ढ्ढत्रस्ञ्) 87,781 करोड़ रुपये और सेस 12,284 करोड़ रुपये रहा है. इसमें इंपोर्टेड सामान पर लिया गया सेस भी शामिल है.

## चीन ने चांद पर रच दिया इतिहास

नई दिल्ली। चीन ने चांद पर एक और सफलता हासिल की है. तीन मई को लॉन्च हुए चांग ई-6 मून लैंडर ने करीब एक महीने बाद रविवार सुबह लैंडिंग कर ली, जिसे काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है. चीन की स्पेस एजेंसी ने इसकी जानकारी दी है. एजेंसी के मुताबिक, चांग ई-6 लैंडर दक्षिणी ध्रुव-ऐटकेन बेसिन में उतरा. यह चीन का अब तक का सबसे मुश्किल मून मिशन है. इसके जरिए चीन चांद के अंधेरे वाले हिस्से से सैंपल लाएगा और ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बनेगा. ऐसा नहीं है कि चीन ने यह पहली बार किया है, इससे पहले भी चीन के लैंडर ने चांद के उस हिस्से में लैंडिंग की थी, जहां काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था. चीन ने 2019 में अपने चांग%ई-4 मिशन के जरिए ऐसा किया था.

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, चांग ई-6 की सफलता के बाद चीन चांद पर बेस बनाने में अमेरिका और दूसरे देशों से आगे निकल सकता है. अगर सबकुछ ठीक हुआ तो लैंडर चांद की सतह से 2 किलो सैंपल लाएगा. सैंपल लेने के लिए लैंडर में ड्रिल कर खोदने और मलबे उठाने की मशीन लगाई गई है. सैंपल को लैंडर के सबसे ऊपर लगे हिस्से में रखा जाएगा. एक दूसरा स्पेसक्राफ्ट चांद के इस हिस्से में भेजकर लैंडर को वापस धरती पर लाएगा.

## टी20 वर्ल्ड कप के बीच रोहित शर्मा की सुरक्षा में चूक



नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आखिरी वार्मअप मैच भारत और बांग्लादेश के बीच खेला गया. इस मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया. लेकिन इस मैच का एक सीन वायरल हो गया, जिसमें रोहित शर्मा का एक फैन सिक्योरिटी को चकमा देकर मैच के दौरान रोहित से मिलने मैदान में आ गया. न्यूयॉर्क के नए बने नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हुए इस मैच में सुरक्षा में चूक देखने को मिली. एक फैन मैच के दौरान रोहित शर्मा से मिलने के लिए मैदान पर दौड़ पड़ा और उसने हिटमैन को गले भी लगा लिया. हालांकि अमेरिकी पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया, जबकि रोहित शर्मा उन्हें शांत रहने के लिए कह रहे थे.

## एप्पल को लगा 100 करोड़ रुपये का चूना

नई दिल्ली। एप्पल का आईफोन दुनिया के सबसे मशहूर प्रोडक्ट में से एक है. यही वजह है कि नकली आईफोन का भी बड़ा मार्केट पूरी दुनिया में फैला हुआ है. दुनिया के किसी भी प्रोडक्ट की कॉपी तैयार करने में चीन को महारत हासिल है. अब चीन के 5 लोगों ने एप्पल को तगड़ा चूना लगा दिया है. इन लोगों ने एप्पल के लगभग 16000 फर्जी डिवाइस रिटर्न के जरिए कंपनी को वापस कर दिए. इससे आईफोन बनाने वाली कंपनी को लगभग 1.23 करोड़ डॉलर का नुकसान हुआ है. यूएस अटॉर्नी ऑफिस में फाइल किए गए केस के आधार पर मनी कंट्रोल की रिपोर्ट में बताया गया है कि इन 5 चीनी नागरिकों ने एप्पल को फर्जी आईफो, आईपैड और अन्य प्रोडक्ट रिटर्न किए. इस फर्जी रिटर्न की कीमत लगभग 1.23 करोड़ डॉलर (लगभग 102 करोड़ रुपये) है. यूएस अटॉर्नी मार्टिन एस्ट्राडा ने कहा कि इन लोगों ने एप्पल की कस्टमर सर्विस पालिसी का गलत इस्तेमाल किया है. कस्टमर्स का ख्याल रखने वाली कंपनियों के साथ ऐसी धोखाधड़ी नहीं होनी चाहिए. हम ऐसा फर्जीवाड़ा करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेंगे. इन फर्जीवाड़ा करने वालों को भेजे गए नकली एप्पल डिवाइस एकदम असली जैसे ही डिजाइन किए गए थे.

# अमेरिका ने हासिल किया टी20 विश्व कप का तीसरा सबसे बड़ा लक्ष्य, आरोन-आंद्रिस की रिकॉर्ड साझेदारी

डलास। कनाडा ने नवनीत धालीवाल और निकोलस किरटोन के अर्धशतकों से 20 ओवर में पांच विकेट पर 194 रन बनाए थे, लेकिन जवाब में अमेरिका ने 17.4 ओवर में ही तीन विकेट पर 197 रन बनाकर जीत दर्ज की।

आरोन जोंस और आंद्रिस गोउस ने दमदार बल्लेबाजी कर अमेरिका को कनाडा के खिलाफ ग्रुप-ए के मुकाबले में सात विकेट से हराकर आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में विजय शुरुआत दिलाई। कनाडा ने नवनीत धालीवाल और निकोलस किरटोन के अर्धशतकों से 20 ओवर में पांच विकेट पर 194 रन बनाए थे, लेकिन जवाब में अमेरिका ने 17.4 ओवर में ही तीन विकेट पर 197 रन बनाकर जीत दर्ज की। टी20 विश्व कप में यह तीसरा सबसे सफल रन चेज है। अमेरिका के लिए आरोन जोंस ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए 40 गेंदों पर चार चौकों और 10 छक्कों की मदद से नाबाद 94 रनों की पारी खेली।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमेरिका की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने 42 रन के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए। कलीम सना और डिलोन हेलिगर ने क्रमशः स्टीवन टेलर और कप्तान मोनांक पटेल को आउट कर अमेरिका को शुरुआती झटके दिए।




स्टीवन जहां पहले ही ओवर में खाता खोले बिना आउट हुए, वहीं मोनांक 16 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद आंद्रिस और आरोन ने मिलकर पारी को संभाला और दमदार बल्लबाजी की। आरोन ने सिर्फ 22 गेंदों पर पचासा जड़ा जो टी20 क्रिकेट में अमेरिका के लिए सबसे तेज अर्धशतक है। आरोन और आंद्रिस ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए अमेरिका को मुश्किल से बाहर निकाला और कनाडा के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। इतना ही नहीं इन दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 131 रनों की साझेदारी की जो अमेरिका के लिए टी20 में किसी भी विकेट के लिए की गई सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले ये रिकॉर्ड मोदानी और सिंह के नाम था जिन्होंने 110 रनों की साझेदारी की थी।

आरोन ने इस मैच में कुल 10 छक्के लगाए जो अमेरिका के लिए टी20 में अमेरिका के लिए किसी एक पारी में लगाए सर्वाधिक छक्के हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सिंह के नाम था जिन्होंने एक पारी में पांच छक्के जड़े थे। आरोन का साथ दूसरे छोर पर आंद्रिस ने बखूबी निभाया और दोनों बल्लेबाजों ने कनाडा के गेंदबाजों पर जमकर प्रहार किए। आरोन ने इस दौरान जेरेमी गॉर्डन के ओवर से 33 रन निकाले जो टी20 विश्व कप का दूसरा सबसे महंगा ओवर है। इस वैश्विक टूर्नामेंट में सबसे महंगा ओवर डालने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के नाम है जिन्होंने भारत के खिलाफ 2007 टी20 विश्व कप में 36 रन लुटाए थे।

आरोन के साथ ही आंद्रिस ने भी दमदार बल्लेबाजी की और पचासा जड़ा। आंद्रिस ने दूसरे छोर से आरोन का साथ बखूबी निभाया और दमदार बल्लेबाजी की। आंद्रिस ने भी 46 गेंदों पर सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से 65 रन बनाए और अमेरिका को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। आंद्रिस भले ही अर्धशतक लगाकर आउट हो गए, लेकिन आरोन ने अपनी तूफानी पारी जारी रखी और टीम को जीत दिलाकर नाबाद पवेलियन लौटे।

# विश्व कप में वेस्टइंडीज की पहली जीत, पीएनजी को पांच विकेट से हराया, सेसे बाऊ की मेहनत पर फिरा पानी

गयाना। टी20 विश्व कप में पापुआ न्यू गिनी के लिए शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज सेसे बाऊ बन गए। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे इस खिलाड़ी ने 43 गेंदों का सामना किया और 50 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से छह चौके और एक छक्का निकला।

टी20 विश्व कप 2024 के तहत ग्रुप सी का पहला और दिन का दूसरा मुकाबला वेस्टइंडीज और पीएनजी के बीच खेला गया। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पीएनजी ने सेसे बाऊ की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 136 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज ने 19 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 137 रन बनाए। रोवमैन पॉवेल की टीम ने यह मुकाबला छह गेंदों के शेष रहते हुए पांच विकेट से मैच जीत लिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत झटके के साथ हुई। एली नाओ ने जॉनसन कार्ल्स को अपना शिकार बनाया। वह बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इसके बाद मोर्चा निकोलस पूरन ने संभाला। उन्होंने सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग के साथ दूसरे विकेट के लिए 53 रनों की साझेदारी निभाई। जॉन करिको ने विकेटकीपर बल्लेबाज पूरन को नौवें ओवर की पहली गेंद पर आउट किया। वह एक चौके और दो छक्के की मदद से 27 रन बनाने में कामयाब हुए। वहीं, किंग 34 रन बनाकर डगआउट को लौट गए। इस मैच में रोवमैन पॉवेल 15 और रदरफोर्ड दो रन बनाकर आउट हुए। डेथ ओवर्स में रॉस्टन चेज और आंद्रे रसल ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच 40 रनों की नाबाद साझेदारी हुई।

# डॉर्टमुंड को 2-0 से हराकर रियल मैड्रिड बना चैंपियन

लंदन। स्पैनिश क्लब रियल मैड्रिड ने 15वीं बार यूरोपियन फुटबॉल का सबसे बड़ा टूर्नामेंट यूईएफए चैंपियंस लीग खिताब जीता। रियल मैड्रिड ने डॉर्टमुंड को 2-0 से एकतरफा अंदाज में हराते हुए यह ऐतिहासिक जीत दर्ज की।




शनिवार देर रात लंदन के वेम्बली स्टेडियम में रियल मैड्रिड ने टीम जर्मन क्लब बोरुसिया डॉर्टमुंड के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया। हालांकि, मैच की शुरुआत दोनों टीमों के बीच धीमी रही और किसी भी टीम ने ज्यादा रिस्क नहीं लिया। यही कारण था कि पहला क्वार्टर खत्म होने के बावजूद स्कोर 0-0 रहा। रियल मैड्रिड और डॉर्टमुंड ने कई मौके जरूर बनाए, लेकिन वे गोल दागने में सफल नहीं रहे। डॉर्टमुंड के लिए 23वें मिनट में निकलस फुलक्रुग ने शानदार मौका बनाया लेकिन गेंद गोल पोस्ट से टकराकर आ गई।

पहला हाफ गोलरहित खत्म होने के बाद दूसरे हाफ में रियल मैड्रिड ने आक्रमण तेज कर दिया। लेकिन डॉर्टमुंड ने अपने डिफेंस में कोई गलती नहीं की। एक समय ऐसा लगा कि मैच ड्रॉ की तरफ बढ़ रहा है।

मगर फैंस का इंतजार आखिरकार खत्म हुआ और रियल मैड्रिड के लिए पहला गोल डानी कार्वाहाल ने 74वें मिनट में किया। इसके बाद डॉर्टमुंड ने भी अटैक शुरू किया लेकिन इसका उन्हें लाभ नहीं मिला। मैच के 83वें मिनट में विनिसियस जूनियर ने रियल मैड्रिड की बढ़त डबल कर दी। इस तरह रियल मैड्रिड ने 15वीं बार यूईएफए चैंपियंस लीग का खिताब अपने नाम किया।

मैड्रिड के कोच कार्लो एन्सेलोटी ने कहा, आप कभी भी इसके आदी नहीं हो सकते। यह जितना हमने सोचा था उससे कहीं अधिक कठिन था। पहले हाफ में हमें परेशानी उठानी पड़ी, दूसरे हाफ में हमने वापसी की और बेहतर खेला लेकिन अब ये सब छोटी-छोटी बातें हैं। हम जीत गए। आगे भी यह जारी रहेगा।

डॉर्टमुंड के मुख्य कोच एडिन ट्रैजिक ने कहा, हमने शानदार प्रदर्शन किया और मुझे लगता है कि हम 2-0 से हार के हकदार नहीं थे। पहले सेकंड से ही हमने दुनिया को दिखा दिया कि हम यहां सिर्फ़ फ़ाइनल खेलने नहीं आए हैं, बल्कि इसे जीतने आए हैं।

# रवीना टंडन पर लगा नशे की हालत में महिला को पीटने का आरोप

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन और उनके ड्राइवर को मुंबई के बांद्रा में लापरवाही से कार चलाने के मामले में लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा. रवीना टंडन का एक कथित वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि स्थानीय लोगों का एक ग्रुप अभिनेत्री और उनके ड्राइवर पर एक बुजुर्ग महिला समेत तीन महिलाओं पर हमला करने का आरोप लगा रहे हैं. वीडियो में देखा जा सकता है कि महिलाओं ने रवीना टंडन पर भी हमला किया. एक्स पर शेयर किए गए वीडियो में अभिनेत्री ग्रुप के लोगों से उन्हें न मारने की अपील करती हुई कहती हैं कि 'कृपया मुझे मत मारो' और खुद का बचाव करती हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना मुंबई के कार्टर रोड पर रिजवी कॉलेज के पास हुई. कथित तौर पर शराब के नशे में रवीना कुछ महिलाओं से उलझने के बाद कार से उतर गईं. बाद में उनके पति और फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर अनिल थडानी भी खार पुलिस स्टेशन पहुंचे. वीडियो में स्थानीय लोगों को रवीना को घेरते हुए देखा जा सकता है. वो कह रहे हैं कि पुलिस को बुलाएंगे. एक पीड़ित ने रवीना को कहा, तुम्हें आज रात जेल में गुजारनी पड़ेगी. मेरी नाक से खून बह रहा है. पूरी घटना कैमरे में कैद हो रही थी. यह देख कर रवीना टंडन ने अपील की कि इसे रिकॉर्ड न किया जाए. बाद में मोहम्मद नाम के एक व्यक्ति ने कथित पीड़ितों की पहचान अपनी मां, बहन और भांजी के रूप में की.



# सबालेंका, रिबाकिना की संघर्षपूर्ण जीत, 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा चौथे दौर में

पेरिस। दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका, चौथी सीड एलेना रिबाकिना और उभरती खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने महिला एकल में तीसरे दौर के मुकाबलों में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज कर वर्ष के दूसरे ग्रैंड स्लैम फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में प्रवेश कर लिया। टूर्नामेंट में एक और दिन बारिश से बाधा पड़ी जबकि सबालेंका और रिबाकिना ने शुरूआती ब्रेक से उबरते हुए दूसरे सप्ताह में जगह बना ली। सबालेंका ने 3-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पाउला बडोसा को 77 मिनट में 7-5, 6-1 से हरा दिया। इससे पहले रिबाकिना ने 25वीं सीड एलिस मर्टेंस को 67 मिनट में 6-4, 6-2 से पराजित किया।



सबालेंका पिछले वर्ष सेमीफाइनल तक पहुंची थी और इस बार भी वह दूसरे सप्ताह में पहुंच गयी हैं और लगातार सातवें ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल स्थान से दो मैच दूर हैं। रौलां गैरो में 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन के फाइनल मैच में सेरेना विलियम्स को हराकर रिबाकिना 2021 में पेरिस में अपने पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंची थीं।

हालाँकि, वह 2022 के तीसरे दौर में कीज़ से हार गई और बीमारी के कारण सारा सोरिब्स टॉर्मो के खिलाफ 2023 के तीसरे दौर से पहले ही हट गईं। मीरा एंड्रीवा और पीटन स्टर्न्स ने अपने निर्धारित मैच को कोर्ट 6 से कोर्ट 7 और अंततः कोर्ट 2 में स्थानांतरित होते देखा। एक महत्वपूर्ण मैच खेलने के लिए पूरे दिन इंतजार किया। 17 वर्षीय एंड्रीवा स्टर्न्स को 6-2, 6-1 से 67 मिनट में हराकर चौथे दौर में पहुंच गयीं। एंड्रीवा किसी भी ड्रा में आने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं और स्टर्न्स से लगभग पांच साल छोटी हैं। एंड्रीवा ने लगभग स्टर्न्स (51) जितने ही डब्ल्यूटीए टूर-स्तरीय मैच (43) खेले हैं।

## ज्योतिष चमत्कार ( 3 जून 2024 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 41 | 54 | 67 | 70 |
| मंगल | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 52 | 65 | 78 | 89 |
| बुध | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 63 | 76 | 87 | 90 |
| गुरू | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 74 | 85 | 98 | 09 |
| शुक्र | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 81 | 96 | 07 | 10 |
| शनि | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 92 | 03 | 18 | 29 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 92 | 03 | 18 | 29 |
| मंगल | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 01 | 14 | 25 | 30 |
| बुध | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 12 | 23 | 36 | 47 |
| गुरू | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 21 | 34 | 45 | 58 |
| शुक्र | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 32 | 43 | 56 | 69 |

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 9 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 8 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 2 | 3 | 4 | 7 |
| स्पेशल | 21 | 35 | 46 | 70 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 0 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 7 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 1 | 2 | 5 | 6 |
| स्पेशल | 13 | 24 | 58 | 69 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | ´79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | ´70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 27 | 21 | 83 | 79 | 01 | 44 |
| 98 | 40 | 45 | 96 | 53 | 30 |
| 26 | 66 | 70 | 02 | 16 | 42 |
| 00 | 63 | 94 | 44 | 46 | 34 |
| | | | | | |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 05 | 46 | 96 | 18 | 64 |
| 42 | 50 | 80 | 08 | 20 |
| 40 | 21 | 25 | 27 | 63 |
| 08 | 51 | 87 | 57 | 81 |
| | | | | |

**2023 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2023- -23-09

राजधानी नाईट 2023 -35-62-66-

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# प्रथम पेज का शेष

**काउंटिंग से पहले विपक्ष की मांग...**

आयोग से मिलने वाले विपक्षी नेताओं में कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी, भाकपा के डी. राजा, कांग्रेस के सलमान खुर्शीद, माकपा के सीताराम येचुरी, सपा के रामगोपाल यादव, डीएमके के टीआर बालू, राजद नेता संजय यादव एवं नासिर हुसैन शामिल थे। इसके पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं राहुल गांधी ने विभिन्न राज्यों के अपने दल के नेताओं एवं प्रत्याशियों से ऑनलाइन बात की। जयराम रमेश ने बताया कि सबका मानना है कि विपक्षी गठबंधन को 295 सीटों से कम नहीं मिलने जा रही है, बल्कि इससे ज्यादा मिलेगी। कांग्रेस ने एक्जिट पोल को सरकारी बताया और कहा कि चार जून को जीत हमारी होगी। बैठक में प्रत्याशियों से आगे की रणनीति पर भी चर्चा की गई। वोटों की गिनती के दिन सबको सावधान और सतर्क रहने की सलाह दी गई। जयराम रमेश ने एक-एक कर सभी राज्यों के कांग्रेस नेताओं को मीडिया के सामने ऑनलाइन प्रस्तुत कराया, जिसमें सबने दावा किया कि उनके राज्य में आइएनडीआइए के प्रत्याशी सबसे आगे हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एग्जिट पोल के आंकड़ों को खारिज करते हुए उसे मोदी मीडिया पोल करार दिया। उन्होंने कहा कि हम 295 सीटें जीत रहे हैं। राहुल से जब पूछा गया कि उनके गठबंधन को कितनी सीटें मिल रही हैं तो उन्होंने कहा कि सिद्धू मूसेवाला का गाना सुना है आपने। उतनी ही सीटें जीत रहे हैं। आप एक्जिट पोल पर मत जाइए। यह मोदी का पोल है। फैंटेसी पोल है।

**अरुणाचल में विकास की......**

करने पर मैं आभार व्यक्त करता हूं। यह जीत पूर्वोत्तर के लोगों के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भरोसे और इस क्षेत्र में मोदी सरकार द्वारा लाए गए बदलाव के युग का प्रमाण है। मुख्यमंत्री प्रेमा खांडू, भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बधाई। पिछले कई वर्षों से भाजपा ने मोदी सरकार की सभी योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

**राजगढ़ में दर्दनाक हादसा.....**

मिश्रा सहित कालीपीठ व राजगढ़ कोतवाली थाना और राजस्थान पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के बाद एंबुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। जानकारी लगने के बाद राजगढ़ मंत्री नारायण सिंह पंवार भी जिला अस्पताल पहुंचे। वहीं, हादसे का पता चलते ही मध्य प्रदेश शासन के मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार भी जिला अस्पताल पहुंचे।

**32 में से 31 सीटों पर जीती...**

उन्हें राज्य सरकार में मंत्री भी बनाया गया। 2009 तक वे कैबिनेट मंत्री बने रहे। इसके बाद उन्होंने बगावत 2013 में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) का गठन किया। 2019 में पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ा। 2019 में एसकेएम ने राज्य की 32 में 17 सीटों पर जीत हासिल की और प्रेम सिंह तमांग राज्य के मुख्यमंत्री बने। प्रेम सिंह तमांग ने राज्य के 25 साल तक मुख्यमंत्री रहे पवन चामलिंग को हराया था। उल्लेखनीय है कि 1994 से लगातार पवन कुमार चामलिंग सिक्किम के मुख्यमंत्री थे।

**एसकेएम की आंधी में डटे रहे...**

2019 में 15 सीट जीतने और 25 वर्षों तक सिक्किम में राज करने वाली पार्टी एसडीएफ का इस बार सूपड़ा साफ हो गया। सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेअम) की इस आंधी एक विपक्षी उम्मीदवार ऐसा भी रहा जिसने डटकर मुकाबला किया और जीत भी दर्ज की। उनका नाम है तेनजिंग नोरबू लाम्था, जो श्यारी विधानसभा सीट से सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के उम्मीदवार हैं। तेनजिंग ने अपने नजदीकी प्रतिद्वंद्वी सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के कुंगा नीमा लेप्चा को 1314 वोटों के अंतर से हराया। वे एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं। सोशल वर्क के लिए उन्होंने राज्य सरकार की नौकरी से इस्तीफा दे दिया था।

राज्य में भाजपा ने 31 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ा। हालांकि, भाजपा राज्य में एक सीट नहीं जीत पाई। यहां केवल 5.18 प्रतिशत वोट भाजपा को मिल सके। सिक्किम भाजपा अध्यक्ष दिली राम थापा अपर बुर्तुक विधानसभा क्षेत्र में एसकेएम उम्मीदवार काला राय से हार गए। भाजपा ने मात्र लाचेन मंगन सीट पर चुनाव नहीं लड़ा। अधिकांश सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। बता दें, वर्तमान विधानसभा में भाजपा के 12 सदस्य थे। इसमें 10 तो एसडीएफ छोड़कर भाजपा में आए थे।

**असम में बाढ़ का कहर.....**

राज्य आपदा मोचन बल, स्थानीय प्रशासन और आम नागरिकों द्वारा बचाव और राहत अभियान चलाया जा रहा है. अधिकारियों ने बताया कि राज्य के कई हिस्सों में सड़क और रेल संपर्क बाधित हो गया है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि न्यू हाफलोंग के चंद्रनाथपुर खंड में पटरी को हुए नुकसान और सिलचर स्टेशन पर जलभराव के कारण शनिवार से सोमवार तक कम से कम 10 ट्रेन रद्द कर दी गई.

**केजरीवाल पांच जून तक न्यायिक..**

ने 27 मई को फिर से अवकाश पीठ के समक्ष और शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री के समक्ष अपनी अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाने की मांग की, लेकिन शीर्ष अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी क्योंकि उनकी मुख्य याचिका पर आदेश पहले ही सुरक्षित रखा जा चुका था। शीर्ष अदालत ने श्री केजरीवाल को अपनी नियमित जमानत के लिए जिला न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की छूट दी।

**चुनाव नतीजों से पहले ही पीएम...**

इसमें केंद्रीय गृहमंत्रालय संबंधित राज्य सरकारों से लगातार संपर्क में है और हर संभव सहायता उपलब्ध करा रहा है। प्रधानमंत्री ने साफ किया कि इससे प्रभावित राज्यों में केंद्रीय सहायता में कमी नहीं आनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस की तैयारियों की भी समीक्षा की। चुनाव की घोषणा के पहले ही प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न मंत्रालयों के अगली सरकार के 100 दिन के लिए कामकाज का रोडमैप तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। ढाई महीने लंबी चली चुनाव प्रक्रिया के बीच में सभी मंत्रालयों ने अपना-अपना रोडमैप तैयार कर लिया है। प्रधानमंत्री ने इस रोडमैप पर अधिकारियों के साथ चर्चा की और उनमें जरूरी संशोधन का सुझाव भी दिया।



# इन फिल्मों को अकेले देखने का न लें रिस्क

ओटीटी पर कई तरह की हॉरर फिल्में और सीरीज है, जिसमें से कुछ को देखकर या तो आपकी नींद उड़ जाएगी या तो आपको हंसी आ जाएगी। वहीं कुछ हॉरर फिल्में ऐसी भी हैं, जिन्हें देख लोगों को अपने आस पास भूत-प्रेत के होने का एहसास होने लगता है।
अगर आप भी एक्शन और रोमांटिक फिल्मों और वेब सीरीज के अलावा हॉरर मूवीज देखना पसंद करते हैं तो आप ये खतरनाक ही नहीं बल्कि डरावनी फिल्में देख सकते हैं। अगर आप भी कुछ ऐसी मूवीज की तलाश में हैं तो हम आपके लिए लिस्ट लेकर आए हैं, जिसमें बॉलीवुड, साउथ और हॉलीवुड की कई भूतिया रहस्यमय फिल्में शामिल हैं। द कंज्यूरिंग से लेकर भूल भुलैया तक आपने कई तरह की हॉरर फिल्में देखी होगी, लेकिन जिन फिल्मों के बारे में आज हम बताने वाले हैं। उनकी कहानी पूरी होने के पहले ही आपका बुरा हाल हो जाएगा या फिर हो सकता है आप हॉरर मूवीज और सीरीज देखना ही छोड़ दे।

**द रिंग**

2002 में रिलीज हुई हॉलीवुड हॉरर फिल्म द रिंग की कहानी शुरू होते ही लोगों को देखने में डर लगाने लगता है। इस फिल्म को गोर वर्बिंस्की ने डायरेक्ट किया है। ये फिल्म एक वीडियो टेप के बारे में है जिसे देखने वाले की एक हफ्ते बाद मौत हो जाती है। इस फिल्म को प्राइम वीडियो पर देखी जा सकता है।

**द हाउस नेक्स्ट डोर**

अमेजन प्राइम वीडियो की सबसे डरावनी हॉरर फल्मिों में से एक द हाउस नेक्स्ट डोर को आप कबी भी किसी छोटे बच्चे के साथ अकेले में न देखे। इस फिल्म में आत्माओं की कहानी दिखाई गई है।

**हॉन्टेड हिल्स**

बॉलीवुड की सबसे डरावनी हॉरर फिल्मों में से एक हॉन्टेड हिल्स की कहानी न्यू वेड्स कपल पर बेस्ड है। जो पहाड़ों पर अपना हनीमून मनाने के लिए जाते हैं, लेकिन एक ट्रैजिडी में फंस जाते हैं। फिल्म का निर्देशन संजीव कुमार राजपूत किया है और इसमें डायना खान, सुरेंद्र पाल सिंह, जुबेर के. खान, गेवी चहाली नजर आए है। इसे अमेजॉन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**1920 हॉरर्स ऑफ द हार्ट**

बॉलीवुड में कई तरह की हॉरर फिल्में और सीरीज बन चुकी हैं, लेकिन कुछ मीहने पहले रिलीज हुई अविका गौर और राहुल देव स्टारर 1920 : हॉरर्स ऑफ द हार्ट ने ओटीटी पर धूम मचा दी थी। इसे आप डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देख सकते हैं। फिल्म में रहस्यमय मौत से लेकर बुरी आत्मा के चंगुल में फंसी एक लड़की की कहानी को पेश किया गया है।

**चंद्रमुखी**

हॉरर फिल्मों की बात हो और साउथ की सबसे चर्चित हॉरर मूवीज की बात न हो। ऐसे कैसे हो सकता है। हम बात कर रहे हैं। थलाइवा रजनीकांत की फिल्म चंद्रमुखी जिसे देख आपकी नींद उड़ जाएगी। इसी फिल्म का रिमेक है अक्षय कुमार और विद्या बालन की भूल भुलैया। ये हॉरर मूवी यूट्यूब पर देखी जा सकती है।


**कंचना**

इस लिस्ट में साउथ सिनेमा की सबसे पॉपुलर हॉरर फिल्मों में से एक कंचना 3 भी शामिल है। कंचना के तीन भाग आ चुके है। 2019 में रिलीज हुई कंचना 3, कंचना फेंचाइजी की सबसे डरावनी फिल्म है।

# रोहित शेट्टी ने पॉपुलर एक्टर को किया शो से बाहर!



पॉपुलर स्टंट बेस्ड शो खतरों के खिलाड़ी नेकस्ट सीजन के साथ हाजिर होने वाला है। शो का 14वां सीजन शुरू होने वाला है। इस बार खतरों के खिलाड़ी 14 केप टाउन में न होकर रोमानिया में शूट हो रहा है। शो से जुड़ी तमाम अपडेट्स सामने आई हैं और अब पहले एलिमिनेशन को लेकर एक जानकारी सामने आई है ।
रोहित शेट्टी के स्टंट शो खतरों के खिलाड़ी 14 की शूटिंग के लिए कंटेस्टेंट्स मुंबई से निकलकर रोमानिया पहुंच चुके हैं। वहां इस शो की शूटिंग तक शुरू हो चुकी है। शालीन भनोट, असीम रियाज, अभिषेक कुमार सहित कई कंटेस्टेंट्स इस बार के सीजन का हिस्सा हैं। कंटेस्टेंट्स अक्सर अपने सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा कुछ न कुछ शेयर करते रहते हैं।
रोमानिया में खतरों के खिलाड़ी 14 की शूटिंग
खतरों के खिलाड़ी 14 लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। शो के लिए कन्फर्म कंटेस्टेंट्स के नाम सामने आ चुके हैं, बस डेट का सामने आना बाकी है। जून के पूरे महीने शो की शूटिंग चलने की उम्मीद है। ऐसी चर्चा है कि शो का प्रीमियर जुलाई के दूसरे सप्ताह में होने की संभावना है। हालांकि, इसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट होना बाकी है। इस बीच खतरों के खिलाड़ी 14 के सेट से कुछ अपडेट सामने आई है, जो फैंस का एक्साइटमेंट बढ़ा सकती है।
खतरों के खिलाड़ी के फैन पेज की तरफ से इस शो से जुड़ी जानकारी सामने आ रही है। इसके अनुसार, शो में एलिमिनेशन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। असीम रियाज , निमृत कौर अहुलवालिया, शालीन भनोट और अभिषेक कुमार को फीयर फंडा दिया गया।
वह एलिमिनेशन के लिए नॉमिनेटेड कंटेस्टेंट्स में से रहे।
खतरों के खिलाड़ी 14 का पहला एलिमिनेटेड कंटेस्टेंट कौन होगा, इसकी जानकारी तो कुछ ही दिनों में आ जाएगी। ऐसा इसलिए क्योंकि फैन पेज पर बताया गया है कि पहले टास्क के बाद शो में नो एविक्शन रखा गया है। यानी नॉमिनेटेड कंटेस्टेंट्स सेफ हैं और कोई भी पहले टास्क के बाद एलिमिनेट नहीं होगा।



# बीच पर जाते ही बोल्ड हो गई मशहूर एक्ट्रेस

एली अवराम की बीच से कुछ फोटोज वायरल हो गई हैं। एक्ट्रेस के कपड़े देख नेटिज़ेंस दीवाने हो गए हैं। उनकी तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है। अब हर तरफ एली अवराम को लेकर बज्ज बन गया है। उनकी हॉटनेस हॉलीवुड अभिनेत्रियों को भी टक्कर दे रही है।
गर्मियों के मौसम में एक एक्ट्रेस ने पारा हाई करने का इरादा कर लिया है। अब मशहूर एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर अपनी बोल्डनेस से लोगों के पसीने छुड़ा रही हैं। उनकी तस्वीरें अब इंटरनेट पर लगातार देखीं जा रही हैं। ये एक्ट्रेस कोई और नहीं बाकि बिग बॉस फेम एली अवराम हैं। एली अवराम को आपने अब तक कई फिल्मों में देखा होगा। एक्ट्रेस को अक्सर बोल्डनेस का तड़का लगाने के लिए मेकर्स किसी न किसी रोल में कास्ट कर लेते हैं। लेकिन इस बार एली अवराम बड़े परदे पर नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर गर्दा उड़ाती नजर आ रही हैं।
अब एक्ट्रेस ने बीच से अपनी कुछ हॉट फोटोज शेयर की हैं। अब एली अवराम बीच पर पहुंची हैं तो जाहिर सी बात है कि उन्होंने सलवार सूट तो पहना नहीं होगा। एक्ट्रेस अब मोनोकिनी में अदाएं दिखती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने खुद अपने अकाउंट से 3 कातिलाना तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों को देखकर आपका भी मुंह खुला रह जाएगा इस बात की तो गारंटी है। इतना हॉट अंदाज इंडियन सोशल मीडिया यूजर्स को तो रास नहीं आने वाला। एक्ट्रेस को मोनोकिनी में देख आज सभी होश खो बैठे हैं।
अब एक्ट्रेस ने नियॉन ग्रीन मोनोकिनी में अपनी कुछ बेहद रिवीलिंग तस्वीरें पोस्ट की हैं। एक्ट्रेस का ये आउटफिट इतना छोटा है कि लोगों की सांसें थम गई हैं और दिल की धड़कनें बेकाबू हो गई हैं। उनकी बॉडी पर सैंड लगी हुई है और इसने बोल्डनेस का मीटर हाई कर दिया है। एक्ट्रेस इस बोल्ड आउटफिट में कई पोज दे रही हैं। एक्ट्रेस के सभी पोज इतने सेक्सी हैं कि लोगों की नजरें अब एली अवराम से नहीं हटने वाली हैं। उनकी तस्वीरों पर लोग आंख गड़ा कर बैठ गए हैं। तभी तो कुछ ही मिनटों में ये पोस्ट इंटरनेट पर तूफान ले आया है। सोशल मीडिया यूजर्स एली को इस रूप में देख उन पर प्यार लुटा रहे हैं और उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे। एली अवराम मोनोकिनी में बॉलीवुड तो क्या हॉलीवुड एक्ट्रेसेस को भी पीछे छोड़ गई हैं। उनके आगे आज आपको सभी एक्ट्रेसेस फीकी लगेंगी। एली अवराम के हुस्न का जलवा अब सभी के सिर पर चढ़कर बोल रहा है और लोग एक्ट्रेस की तस्वीरों पर ताबड़तोड़ लाइक्स बरसा रहे हैं।



# जाह्नवी को खुद जैसा नहीं बनाना चाहती थीं श्रीदेवी, फिल्मों से रखना चाहती थीं दूर

जाह्नवी और राजकुमार की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही को दर्शकों का प्यार मिल रहा है. जाह्नवी और राजकुमार की फिल्म %मिस्टर एंड मिसेज माही को दर्शकों का प्यार मिल रहा है. जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव इन दिनों अपनी फिल्म चमिस्टर एंड मिसेज माहीज् को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं. क्रिकेट पर आधारित इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पांस मिल रहा है. 31 मई को रिलीज हुई इस फिल्म के प्रमोशन में जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव ने जान झोंक दी थी. इस सिलसिले में ये दोनों एक्टर्स नेटफ्लिक्स के शो चद ग्रेट इंडियन कपिल शोज् पर शिरकत करने पहुंचे और शो के होस्ट कपिल शर्मा संग बातचीत में जाह्नवी कपूर ने अपनी जिंदगी के कई अनसुने पहलुओं से पर्दा उठाया.
जाह्नवी कपूर ने कपिल शर्मा को बताया कि उनकी मां श्रीदेवी बॉलीवुड की पहली लेडी सुपरस्टार होने के बावजूद उन्हें फिल्मों से दूर रखना चाहती थीं. श्रीदेवी कभी नहीं चाहती थीं कि जाह्नवी कपूर एक्ट्रेस बनें. वह उन्हें डॉक्टर बनाना चाहती थीं. एक्ट्रेस ने कपिल शर्मा को बताया कि जब भी वह बचपन में तैयार होती थीं और मेकअप करती थीं तो उनकी मां उन्हें हमेशा कहती थी कि उनका सपना है कि उनकी बेटी डॉक्टर बनें.
जाह्नवी ने आगे कहा, चमां मुझे हमेशा से एक्टिंग से दूर रखना चाहती थीं. वह बहुत सालों से कोशिश कर रही थीं मुझे इस दिशा से दूर रखने की, लेकिन मैं बचपन से ही एक्ट्रेस बनना चाहती थीज. उनके मुताबिक उन्होंने कहा कि अपनी मां का सपना पूरा करने के लिए वह किसी एक फिल्म में डॉक्टर का रोल निभाना चाहती हैं.
इस शो पर शिरकत करने के दौरान मजाक ही मजाक में एक्ट्रेस ने अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया संग अपने रिश्ते को कन्फर्म भी कर दिया. दरअसल, कपिल शर्मा ने जाह्नवी से पूछा कि क्या वह इंडस्ट्री के किसी से शादी करना चाहेंगी या फिर वह अपनी जिंदगी में जिस शिखर पर हैं, वहां खुश हैं? इसके जवाब में एक्ट्रेस ने हंसते-हंसते अपने रिलेशनशिप की तरफ हिंट करते हुए कहा कि वह बेहद खुश हैं.

# 'मिस्टर एंड मिसेज माही' अभिनेता राजकुमार राव

राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर हाल ही में रिलीज हुई अपनी फिल्म %मिस्टर एंड मिसेज माही% को प्रमोट करने कपिल शर्मा के शो %द ग्रेट इंडियन कपिल शो% में पहुंचे थे। इस शो में उन्होंने अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी कई शेयर की थीं। इसके साथ ही अभिनेता ने बताया कि कैसे अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत में वह ठगी का शिकार हो गए थे।
राजकुमार राव ने बताया कि जब वह एक्टर बनने के सपने देख रहे थे, उस समय एक शख्स ने उनसे 10 हजार रुपये ठग लिए थे। वहीं, एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि श्रीदेवी उन्हें फिल्मों में नहीं आने देना चाहती थी, बल्कि डॉक्टर बनते देखना चाहती थीं।



**ठगी का शिकार हुए थे राजकुमार राव**

कपिल के शो में राजकुमार राव ने बताया कि एक शख्स ने उन्हें इंडस्ट्री में काम दिलाने का वादा किया था। इसके आगे उन्होंने पूरा माजरा सुनाते हुए कहा कि मैं एक शख्स से मिलने गुड़गांव से साइकिल चलाकर दिल्ली तक आया था।
दरअसल, मैंने जी टीवी के एक शो की अखबार में कटिंग देखी थी। उस समय मुझे टीवी और फिल्मों के बीच अंतर नहीं पता था, मुझे बस इतना पता था कि मैं एक्टिंग करना चाहता था।
फिर मैं उस शख्स के ऑफिस पहुंचा, जहां उसने अच्छा खासा सेटअप किया हुआ था और साथ ही उसके पास कई फेमस स्टार्स के साथ तस्वीरें थीं। ऐसे मुझे लगा कि वह सभी सितारों को जानता है। उस शख्स ने 10 हजार रुपये लेकर उनका एक फोटोशूट किया था। साथ ही उन्हें रोल देने का वादा भी किया।
कुछ दिन बाद उस शख्स का फोन भी आया कि उनका सिलेक्शन हो गया है। यह सुनकर एक्टर बहुत खुश थे। हालांकि, जब वह दी गई तारीख पर उसके ऑफिस पहुंचे, तो देखा कि ऑफिस बंद था। वहां आसपास के लोगों से पूछने पर पता चला कि वह शख्स पैसे लेकर भाग गया।

# 'सुहागन चुड़ैल' बनीं निया शर्मा के छूटे पसीने




टीवी की जानी मानी एक्ट्रेस निया शर्मा की पॉपुलैरिटी देखते ही देखते बढ़ती ही जा रही है. एक्ट्रेस का हर अंदाज फैंस का दिल जीत लेता है. इन दिनों वह फैंटसी शो चसुहागन चुड़ैलज् में नजर आ रही हैं. इस शो में कुछ सींस करना उनका लिए काफी चैलेंजिंग रहा है.निया शर्मा ने अपने इस शो चचुड़ैलज् में अपने किरदार को दमदार बनाने के लिए कई चहार्नेस स्टंट सीनज् किए है, जिन्हें देखकर लगता है कि एक्ट्रेस के लिए ऐसे सीन करना आसान नहीं रहा होगा. अब खुद निया ने इस बात का खुलासा किया है कि चचुड़ैल की भूमिका में ये सीन करना उनके लिए काफी चैलेंजिंग है.
निया का कहना है कि इस शो में जो किरदार वो निभा रही हैं, उसे प्ले करते हुए उन्हें काफी मजा आ रहा है. वह अपने किरदार को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं. इस शो में एक्ट्रेस का ये किरदार काफी पसंद भी किया जा रहा है.
अपने शो में किए कुछ सीन के बारे में खुलासा करते हुए निया ने कहा, चसबसे बेहतरीन हिस्सों में से एक है चहार्नेस स्टंटज् सीन करना. आप मुझे हार्नेस इक्विपमेंट के जरिए पेड़ों पर बैठे, हवा में उड़ते और यहां तक ? ?कि अपने शिकार पर हमला करते देखेंगे. शुरू में, एक्ट्रेस फिजिकली रूप से चहार्नेस स्टंटज् को लेकर थोड़ी नर्वस थीं. लेकिन अब उन्हें इसे शूट करने में मजा आ रहा है, अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलना और ऐसी चीजें करना जो उन्होंने पहले कभी नहीं की, यही एक एक्टर के रूप में उनका पैशन है.
बता दें कि निया के इस चसुहागन चुड़ैलज् के किरदार और शो के अलौकिक रोमांच की खूब राहना हो रही है. सुहागन चुड़ैल के किरदार में निया शर्मा चुड़ैल निशिगंधा के रोल में, देबचंद्रिमा सिंघा रॉय दीया के किरदार में और जैन इबाद खान मोक्ष की भूमिका में नजर आ रहे हैं.

# भूपेश बघेल की हार या जीत, एग्जिट पोल ने किया निराश, संतोष पांडे होंगे रिपीट ?



राजनांदगांव (दावा)। मतगणना में अब 24 घंटे ही बाकी है, प्रत्याशियों की धड़कने तेज हो चुकी है। वहीं हार-जीत को लेकर गुणा भाग होने लगे हैं। लोगों के बीच भी यही चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में मौजूद सांसद ही बने रहेंगे या फिर जनता पूर्व सीएम को सांसद के रुप में नई पारी खेलने का मौका देंगे। इसका जवाब मतदाताओं ने तो दे दिया है, अब केवल परिणाम घोषणा ही बाकी है।

लोकसभा निर्वाचन के अंतिम चरण का चुनाव शनिवार को संपन्न हो चुका है। अब केवल नतीजे का इंतजार है। वह भी कल आ जाएगा। 4 जून की दोपहर तक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी कि देश में किसकी सरकार बनेगी। वहीं दूसरी ओर यह भी स्पष्ट हो जाएगा कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के सांसद कौन होंगे।

जनता 'मोदी की गारंटी' के चलते मौजूदा सांसद संतोष पाण्डेय पर भरोसा जताई है या फिर पूर्व सीएम भूपेश बघेल को मौका देना चाहती है। भले ही राजनांदगांव सीट में 15 अभ्यर्थी हो, उसमें भी एक निर्दलीय युवा प्रत्याशी विशेष धमगाये का गत दिनों निधन हो गया। लेकिन यहां भाजपा-कांग्रेस में ही सीधा मुकाबला है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल यहां कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी उतारे गए, इसके बाद से राजनांदगांव सीट हाई प्रोफाइल हो गई। लेकिन उन्होंने चुनाव लो प्रोफाइल में लड़ा। क्योंकि राजनांदगांव पूर्व सीएम व वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह यहां से विधायक हैं।

ऐसे में यह सीट दोनों ही पार्टी के प्रतिष्ठा का सवाल बन चुका है। इसे देखते हुए दोनों ही पार्टी की ओर चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंकी गई। वहीं 77.42 प्रतिशत मतदाताओं ने वोटिंग किया। जिसमें 78.44 प्रतिशत पुरूष मतदाता, 76.41 प्रतिशत महिला मतदाता एवं 62.50 प्रतिशत अन्य मतदाता ने मतदान किया। कुल 14 लाख 46 हजार 247 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 7 लाख 29 हजार 271 पुरूष मतदाता, 7 लाख 16 हजार 971 महिला मतदाता एवं 5 अन्य मतदाता शामिल है। इसमें राजनांदगांव में 77.20 प्रतिशत मतदान, खैरागढ़ में 78.04 प्रतिशत मतदान, डोंगरगढ़ में 79.41 प्रतिशत मतदान, खुज्जी में 81.62 प्रतिशत मतदान, मोहला-मानपुर में 77.09 प्रतिशत मतदान, पंडरिया विधानसभा से 71.97 और कवर्धा विधानसभा के 75.83 प्रतिशत मतदाताओं ने अपनी सहभागिता निभाई। जीत किसी को मिले, लेकिन इसमें राजनांदगांव, कवर्धा और पंडरिया का मतदान अहम साबित होगा।

राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में अब तक हुए लोकसभा और विधानसभा के चुनाव के परिणामों पर गौर करें तो काफी अंतर देखने को मिला है। चौंकाने वाले तथ्य यह है कि विधानसभा चुनाव में तो कांग्रेस मजबूत रही है किंतु लोकसभा के चुनाव में कब्जा वाले विधानसभा सीटों में भी हार का मुंह देखना पड़ा है। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में जहां कांग्रेस आठ में से सात विधानसभा सीटों पर कब्जा जमाने में कामयाब रही तो वहीं लोकसभा चुनाव आते ही भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय 1 लाख 12 हजार से अधिक वोटों के भारी अंतर से कांग्रेस प्रत्याशी भोलाराम साहू को हरा दिए थे। जबकि 2019 में कांग्रेस के सात विधायक थे।

अभी हाल ही में 2023 में हुए विधानसभा चुनाव की बात की जाए तो राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के आठ में से पांच विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का कब्जा है तो वहीं राजनांदगांव, कवर्धा और पंडरिया सीट में भाजपा विजयी हुई। अब लोकसभा में राजनांदगांव सीट में फिर से इतिहास दोहराया जाएगा या फिर कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस मिथ्या को तोड़ देंगे।

पिछले तीन पंचवर्षीय में भाजपा-कांग्रेस की वोट शेयरिंग की बात करें तो वर्ष 2009 की लोकसभा चुनाव में भाजपा 52.70 प्रतिशत जनमत मिला था, जबकि कांग्रेस को 38.36 प्रतिशत। वहीं वर्ष 2014 में भाजपा को वोट शेयरिंग में और बढ़त मिली, जबकि कांग्रेस के घट गए। भाजपा को 54.61 प्रतिशत और कांग्रेस को 34.59 प्रतिशत वोट मिले। लेकिन वर्ष 2019 में भाजपा के वोट शेयरिंग में गिरावट आयी, जबकि कांग्रेस को बढ़त 8 फीसदी तक बढ़ी। भाजपा को 50.68 फीसदी और कांग्रेस को 42.11 प्रतिशत मत मिले।

# नवांगांव जलाशय से पहले मोंगरा बैराज केज फर्जीवाड़े की हुई जांच

## केज घोटाले की एसपी से शिकायत

राजनांदगांव (दावा)। मत्स्य विभाग के केज आबंटन में हुए घोटाले की परत धीरे-धीरे खुलती जा रही है। पहले खैरागढ़ जिले के नवांगांव बांध जलाशय में हुए 4 केज फर्जीवाड़ा का मामला सामने आया था। अब अंबागढ़ चौकी जिले के अंतर्गत आने वाले मोगरा बांध जलाशय के भी केज फर्जीवाड़ा का मामला सामने आया है जिसमें नवागांव बांध केज फर्जीवाड़े की तरह मोंगरा बैराज में लगे केज कल्चर में भी फर्जीवाड़े की बात सामने आई है। उक्त फर्जीवाड़े मामले को लेकर प्रार्थी द्वारा एसपी से शिकायत कर जांच की मांग की गई है।

मत्स्य विभाग के सहायक संचालक सुदेश कुमार साहू ने बताया कि नवांगांव बांध जलाशय केज फर्जीवाड़े की जांच के पहले मोंगरा बैराज केज फर्जीवाड़े का जांच की जा चुकी है। हालांकि जांच रिपोर्ट अभी आने में देर है क्योंकि खैरागढ़ वाले नवागांव बांध जलाशय केज फर्जीवाड़े की जांच जारी है। हो सकता है कि दोनों जांच की रिपोर्ट एक साथ सामने लाई जाए। श्री साहू ने बताया कि दोनों स्थानों के केज फर्जीवाड़े की जांच के लिए संचालनालय स्तर पर टीम बनी हुई है। गत दिनों जांच के लिए राजनांदगांव मत्स्य विभाग पहुंची टीम में संचालनालय के ज्वाईन्ट डायरेक्टर व अन्य अधिकारीगण थे। उन्होंने बताया कि वे अधिकारी ही जांच का प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।



## पुलिस अधीक्षक से की गई शिकायत

बताते चले कि पूर्व पीठासीन अधिकारी श्रीमती गीतांजलि गजभिए सहायक संचालन मछली पालन विभाग के समय हुई इस केज फर्जीवाड़ा के सम्बंध में पीड़ित प्रार्थी भुवन लाल बगडहरिया ने एसपी को शिकायत की है तथा ज्ञापन सौपते हुए उक्त सम्बंध में जांच की मांग की है। खैरागढ़ जिले के ग्राम भोथली निवासी भुवन पिता अगर सिंह बगडहरिया ने अपने ज्ञापन में कहा है कि गत 18 अप्रैल को उसे मत्स्य विभाग द्वारा नोटिश दी गई कि नवागांव जलाशय में स्थापित केज की लोज राशि 3 लाख 72 हजार 60 रूपए जमा करें। नोटिस मिलने के बाद मछली पालन विभाग (राज.) में जाकर इस सम्बंध में जानकारी ली तो उसे पता चला कि उसके नाम पर वर्ष 2021 में फर्जी दस्तावेज तैयार कर नवागांव जलाशय में केज लगाने 54 लाख रूपए स्वीकृत किया गया था। इस राशि को स्टार सप्लायर तालापारा बिलासपुर को भुगतान किया गया है। भुवन लाल ने अपनी शिकायत में एसपी को बताया कि केज लगाने मत्स्य पालन विभाग में जितने भी दस्तातवेज पेश किए गए है वे सभी फर्जी है। सूचना के अधिकार के तहत जानकारी लिए जाने पर पता चला कि उनके साथ ही अन्य किसानों के नाम पर 54-54 लाख आहरित किए गए है। वे सभी किसान राजनांदगांव निवासी स्टेशन पारा, रामनगर, मोतीपुर, बख्तावर चाल, तुलसीपुर आदि के है। जिन्हें फर्जी ढंग से हितग्राही बना कर सब्सिडी की राशि फर्म को अंतरिम कर दी गई है।

## बगैर आवेदन किए नाम

भुवन ने शिकायत में बताया है कि उन्होंने केज आबंटन के लिए आवेदन नहीं किया है। स. संचालक गीतांजलि गजभिए ने इस पूरे घोटाले को अंजाम दिया है। उन्होंने षड़यंत्र कर अलग-अलग लोगों के नाम से केज आबंटन किया जिसमें प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 60 प्रतिशत और डीएमएफ से 40 प्रतिशत यानि कुल 100 प्रतिशत सब्सिडी दी गई। उन्होंने बताया कि कुल मिलाकर 54 लाख का केज लाभार्थियों को फ्री में मिलना था। तत्कालीन सहायक संचालक ने इसका फायदा उठाने करोड़ों के फर्जीवाड़े को अंजाम दिया है। बहरहाल बुधवार को रायपुर से संचालनालय के ज्वाइंट डायरेक्टर व उसकी टीम ने यहां आकर मत्स्य विभाग कार्यालय में जांच की है एवं लोगों से पुछताछ कर तत्सम्बंधित दस्तावेज अपने साथ ले गए है। जांच रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है।

# महिला मित्र के घर में मिली युवक की संदिग्ध अवस्था में लाश

## युवक के शव का हुआ पोस्टमार्टम, जाँच में जुटी पुलिस



खैरागढ़ (दावा)। महिला मित्र के घर में भिलाई निवासी युवक की संदिग्ध अवस्था में लाश मिलने से नगर में आज सनसनी फैल गई। मौत की जानकारी के बाद युवक के शव का पोस्टमार्टम किया गया हैं और मौत के कारणों का खुलासा करने पुलिस जाँच में जुट गई हैं।

जानकारी अनुसार शनिवार की रात को खाना खाकर सोये 35 वर्षीय युवक की रविवार की सुबह लाश मिलने से सिविल अस्पताल चौक इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा हैं भिलाई मरौदा निवासी डागेश्वर मानिकपुरी 35 साल का बीते कुछ दिनों से अस्पताल चौक में रहने वाले एक परिवार के घर आना जाना था। देर रात वह भिलाई से खैरागढ़ पहुँचा और देर रात खाना खाने के बाद कमरे मे आराम करने चला गया। सुबह घर की महिला उसे चाय देकर उठाने गई तो वह अचेत मिला। पहले 108 को फोन किया, स्टाफ ने मौत की पुष्टि की जिसके बाद महिला दौड़े भागे थाने पहुंची और फिर मौके पर पहुँची पुलिस ने मृतक का पंचनामा तैयार कर हर एंगल से जॉच शुरू की है। आसपास के लोगों ने बताया कि डागेश्वर मानिकपुरी शादीशुदा और दो बच्चों का बाप है कुछ दिन पहले ही उसका पत्नि से तलाक हुआ है और वह खैरागढ़ में अपने महिला मित्र के घर आना जाना करता रहा हैं।

डागेश्वर की मौत को लेकर पहले महिला सीमा टंडन ने भी पूरी जानकारी पुलिस को नहीं दी जिसके चलते मृतक के जेब में मिले मोबाईल में डॉयल नंबर्स को चेक कर पुलिस ने पता लगाया कि वो मरौदा भिलाई का रहने वाला डागेश्वर है।

मर्ग कायम कर पुलिस ने देर शाम पीएम बाद शव उसके परिजनों को सौंप दिया है। डागेश्वर की मौत को लेकर महिला सीमा टंडन के विरोधाभासी बयानो के चलते पुलिस को मृतक का नाम पता जानने मे काफी मशक्कत करनी पड़ी। बाद मे महिला ने स्वीकार किया वह मृतक को जानती है। शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# पुलिस ने 52 पत्ती खेलते छह जुआरियों को किया गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। छुरिया पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में 52 पत्ती का खेल रचाने वाले आधा दर्जन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि पुलिस की अवैध कार्यों के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी है। इस क्रम में छुरिया पुलिस ने 6 जुआरियों से बावन पत्ती सहित नगदी रकम 46 सौ रुपए एवं 6 नग मोबाइल को जप्त किया है।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम- दीनू राम पिता केशलू राम सिंह उम्र 44 ग्राम शिकारीमाहका, परमेश्वर सिन्हा पिता बैसाखी सिन्हा उम्र 28 शिकारीमाहका, हितेश कुंजाम पिता इतवारी कुंजाम उम्र 27 ग्राम लाममेटा, गौतम साहू पिता हरी राम साहू उम्र 27 व शिवानंद सिन्हा पिता कीर्तन सिन्हा उम्र 25 तथा डिकेंद्र सहारे पिता चन्नी लाल सहारे उम्र 27 वर्ष तीनों निवासी घुपसाल थाना छुरिया बताया गया। बताया जा रहा है कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा अवैध शराब बिक्री/परिवहन जुआ, सट्टा की रोकथाम हेतु जिले में चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के पर्यवेक्षण में रविवार 2 जून को थाना छुरिया पुलिस द्वारा मुखबीर से सूचना मिलने पर कि कुछ जुआडियान घुपसाल तेंदुतोला रोड के पास रुपए पैसे का दांव लगाकर 52 पत्ती तास से जुआं खेल रहे है। इस पर पुलिस द्वारा मुखबीर के बताए स्थान पर रेड किया गया, जहां 6 लोगों को जुआ खेलते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 6 नग मोबाइल नगदी रकम 4600 एवं 52 पत्ती तास जप्त कर गिरफ्तार किया गया।

# छत्तीसगढ़ में क्लीन स्वीप करेगी भाजपा- खूबचंद पारख



**मौन पर विपक्ष के हास्यास्पद विरोध से सातवें चरण में एनडीए को लाभ मिलेगा**

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने कहा कि 4 जून को छत्तीसगढ़ में भाजपा क्लीन स्वीप करने जा रही है, और 11 की 11 सीट जीतने की ओर अग्रसर हो रही है, उन्होंने दावा करते हुए कहा कि राजनांदगांव से भूपेश बघेल की करारी हार होगी, क्योंकि इस बार जनता भूपेश बघेल की नीति, रीती को समझ चुकी थी और उन्होंने अपना आशीर्वाद मोदी जी को दिया है, जिसके फलस्वरुप यहां से संतोष पांडे डेढ़ लाख से ज्यादा वोटो से विजयी होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा विगत 10 वर्षों में मोदी जी के सफल नेतृत्व में देश उच्चतम ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है, जिसके कारण देश के युवा, महिला, किसान, श्रमिक, व्यापारी और सभी वर्गों ने मोदी जी की नीतियों पर भरोसा जताते हुए भाजपा को वोट दिया है, इसलिए भाजपा अपने लक्ष्य 400 से पर जा रही है और 405 सीटों के साथ एनडीए सरकार बनाने जा रही है। खूबचंद जी ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौन साधना पर गए तो विपक्ष को पेट में दर्द हो रहा था। श्री पारख ने कहा कि विपक्ष के पास ना दिशा है, और ना कोई कार्यक्रम। मात्र विरोध करने हेतु विरोध करना है, अब तो लगता है कि मोदी जी कहेंगे कि हमें मजबूत विपक्ष चाहिए तो यह उसका भी विरोध करेंगे, आज मोदी जी ने पुरातत्व इतिहास में सनातन मौन साधना, जिसे जैन ऋषि मुनि लगातार कर रहे हैं, उस पर चलते हुए देश को आगे बढ़ाने के लिए मौन साधना के माध्यम से ईश्वर से आशीर्वाद लेने का प्राचीन सनातन धार्मिक पद्धति पर अमल करते मौन साधना कर रहे हैं तो विपक्ष को इसका विरोध नहीं करना चाहिए और मजाक नहीं उड़ाना चाहिए था, इसके पूर्व भी मोदी जी ने कई बार मौन साधना की है परंतु इस बार विपक्ष ने मोदी जी के विरोध में गंदे गंदे कमेंट किया, जिसके कारण विपक्ष के इस कृत्य से अंतिम चरण की 57 सीटों में विपक्ष का सुपड़ा साफ हो जाएगा। श्री पारख ने कहा कि आज देश की जीडीपी 8.2 प्रतिशत हो गई है, और गर्व का विषय है कि विदेश में रखा हुआ 100 टन सोना वापस आ रहा है और ऐसी स्थिति में विपक्ष हास्यस्पद स्थिति को पैदा कर रहा है, इसलिए 4 जून को छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में भाजपा क्लीन स्वीप करने जा रही है और मोदी जी पुनः देश को आगे बढ़ाने के लिए जन सेवक की भूमिका में देश की सेवा करने के लिए प्रधानमंत्री पद संभालेंगे।

# 19 मौतों के बाद भी नहीं सुधर रहे लोग, अभी भी मालवाहन में कर रहे सफर

कबीरधाम(दावा)। कबीरधाम जिले के पंडरिया विधानसभा के तहत कुकदूर थाना क्षेत्र के ग्राम बाहपानी घाट में बीते माह 20 मई को पिकअप वाहन 30 फीट नीचे खाई में गिर गया था। हादसे में 19 आदिवासियों की मौत और 16 घायल हुए हैं। ये सभी ग्राम सेमरहा के रहने वाले है, जो जंगल से तेंदूपत्ता तोड़कर वापस अपने घर जा रहे थे। इतने बड़े हादसे के बाद अभी भी लापरवाही बरती जा रही है। लोग वर्तमान में भी पिकअप वाहन में सफर कर रहे हैं। हालांकि, जिले के आरटीओ द्वारा कार्रवाई की जा रही है।



आरटीओ ने की चालानी कार्रवाई

कबीरधाम आरटीओ एमएल साहू ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। 45 मालवाहनों पर सवारी परिवहन करते वाहन, 21 यात्री बस परमिट शर्तों के उल्लंघन करते पाए गए, 23 ब? और छोटे वाहन हाईवे किनारे खड़े थे। ऐसे वाहन मालिकों से 3 लाख 20 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। मोटरयान अधिनियम के तहत यह कार्रवाई हुई है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। लोगों को सतर्क और सजग रहने की सलाह दी जा रही है, साथ ही मालवाहन में यात्री का परिवहन करने वाले सभी वाहनों पर कार्रवाई जारी है।

# सड़क हादसे में 3 वर्षीय बच्ची को ट्रक ने कुचला, घटना स्तर पर ही बच्ची ने दम तोड़ा



**○ परिजनों सहित नगरवासियों ने चक्काजाम कर उग्र प्रदर्शन किया**

**○ बायपास मार्ग नहीं बनने से लगातार हो रही है दुर्घटना**

डोंगरगढ़ (दावा)। शहर में देर शाम एक सड़क हादसे में 3 साल की छोटी बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार मोटरसाइकिल में सवार दो बच्ची को ओवरटेक कर रहे ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना इतनी जबरदस्त थी कि एक बच्ची को ट्रक के पिछले चक्के से रौंदते हुए ट्रक चालक ने ट्रक को आगे बढ़ा दिया। जिससे घटनास्थल पर ही बच्ची ने दम तोड़ दिया। दूसरी बच्ची गंभीर रूप से घायल हुई जिसका प्राथमिक उपचार के पश्चात राजनांदगांव रेफर किया गया है। मौके पर देखते ही देखते परिजनों के अलावा शहर वासियों का हुजूम उमड़ पड़ा। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। तीन घंटे से अधिक समय तक अनवरत किए गए रोड़ जाम के कारण यातायात व्यवस्था गड़बड़ा गई।

परिजन घटनास्थल पर ही बच्ची की लाश को रखकर, जान के बदले जान की मांग पर अड़े रहे। इसके अलावा अवस्थित यातायात व्यवस्था को लेकर प्रशासन को भारी आक्रोश का सामना करना पड़ा। पुलिस द्वारा मौके से ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर अपने कब्जे में लेने की जानकारी प्राप्त हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे डोंगरगढ़ एसडीएम श्री पटेल, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ परिजनों को समझाने का प्रयास करते दिखाई पड़े। डोंगरगढ़ - चिचोला मुख्य मार्ग पर घटित घटना को लेकर नगर

## ग्रामवासियों ने भारी आक्रोश व्यक्त किया

रिश्तेदारों के यहां आई थी बच्ची घटना में मृत बच्ची मुड़पार निवासी उपेंद्र साहू की बताई गई है। जो अपने परिजन के यहां आए हुए थे। घटना में घायल बच्ची शिव साहू की बताई गई है। जो जेल रोड डोंगरगढ़ के निवासी है। घटना देर शाम 7:00 बजे की बताई गई है। समाचार लिखे जाने तक प्रदर्शन जारी रहा। दोनों दिशा में जाम की स्थिति बनी रही।








किराये से देना है व बेचना है

गोकुल नगर, मुस्कान वाटिका में 3 BHK फ्लैट, 1st Floor में किराये से देना हैं एवं बेचना है।

-: संपर्क करें :-

8959242526

9131341166


# राजनांदगांव खनिज परिवहन संघ की कार्यकारिणी घोषित, नरेंद्र यादव मुन्ना बने अध्यक्ष





राजनांदगांव(दावा)। खनिज परिवहन संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष नरेंद्र यादव मुन्ना ने आज अपने जिले की कार्यकारिणी घोषित की संरक्षक के रूप में समीर पोद्दार, जीतू जैन, दामू भूतड़ा, जिले में उपाध्यक्ष के रूप में मुकेश लोढ़ा डोंगरगांव, कमलेश शांडे खैरागढ़, प्रमोद साहू राजनांदगांव, सनी भाटिया डोंगरगढ़, रोमी भाटिया छुरिया घनाराम साहू तेलीटोला नियुक्त हुए है।

इस प्रकार संगठन के महामंत्री के रूप में हेमंत चोपड़ा डोंगरगांव, सचिव कुबेर वैष्णव राजनांदगांव तथा सहसचिव मुकेश कोडवानी, अभिषेक गुप्ता को नियुक्त किया गया है। साथ ही साथ संगठन के कोषाध्यक्ष पद पर अंकित अग्रवाल राजनांदगांव, शिव रजक राजनांदगांव की नियुक्ति हुई है। जिला खनिज परिवहन संघ के मीडिया मीडिया विभाग की जिम्मेदारी अमित जैन राजनांदगांव, शेखर यादव कलडबरी को दिया गया है। संगठन के विशेष सलाहकार के रूप में नमिताब जैन राजनांदगाव, वीरेंद्र झा राजनांदगांव, अरुण चोपड़ा राजनांदगांव, बंटी महाराज राजनांदगांव, अभिनव तिवारी सोमनी की नियुक्ति हुई है।

खनिज परिवहन संघ द्वारा समस्त जिले के कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किए गए हैं जो इस प्रकार है - राजनांदगाव से गौरव साहू, राहुल देवांगन, कैलाश देवांगन, गुड्डू देवांगन, सुरेंद्र साहू। डोंगरगांव से जागेश्वर साहू, रूपेश गुप्ता, देवेंद्र साहू, संपत सिन्हा, जितेंद्र धनकर। डोंगरगढ़ से नंदकुमार महोबिया, रत्नेश संचेती, अशरफ अली, आशु खान, चुम्मन साहू। छुरिया से बोधन साहू, राधे पटेल, लोकेश निर्मलकर, टीकम साहू, सुनील लडोकर। मोहला-मानपुर से शेख यासीन, लोकनाथ साहू, भोजेश शाह मांडवी। खैरागढ़ से देवराज, शत्रुघ्न, मनीष सिन्हा, कमलेश्वर भदोरिया नियुक्त किये गये है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com